छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 17 ■ अंक - 279 ■ अम्बिकापुर, बुधवार 04 नवम्बर 2026 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com

कोर्ट का फैसला: रकेली हत्याकांड में 01 को आजीवन कारावास, 05 बरी

2025 में टांगी-सब्बल से की गई थी सोनू यादव की हत्या

छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर। उदयपुर थाना क्षेत्र के बहुचर्चित सोनू यादव हत्याकांड में प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अंबिकापुर कमलेश जगदल्ला की कोर्ट ने 2 नवंबर को फैसला सुनाया है। सत्र प्रकरण क्रमांक-145/2025 छत्तीसगढ़ राज्य विरुद्ध मिथलेश यादव व 5 अन्य में कोर्ट ने मुख्य आरोपी सुदामा यादव पिता स्व. सीताराम यादव 62 वर्ष निवासी ग्राम रकेली को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जबकि इसी मामले के 5 अन्य आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया है। मामले में शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक विवेक सिंह ने पैरवी की। आरोपी क्रमांक 01 से 03 की ओर से अधिवक्ता एस.के. पांडेय और 04 से 06 की ओर से अधिवक्ता संजय अम्बष्ट ने बचाव किया।

उदयपुर थाना क्षेत्र का यह था मामला

घटना 6 मई 2025 की है। उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रकेली



में दिनांक 06.05.2025 को लगभग 09 बजे आशा यादव के घर के पास सभी आरोपियों ने विधि-विरुद्ध जमाव का सदस्य होते हुए सोनू यादव की हत्या के आशय से टांगी, सब्बल, लाठी डंडा से मारपीट कर हत्या कारित की। आहत विजय यादव, महेश यादव और आहता आशा यादव को भी मारपीट कर उपहति कारित करने का आरोप था। गंभीर चोटों के कारण सोनू की मौत हो गई थी। मामले की रिपोर्ट 7 मई 2025 को दर्ज हुई थी। पुलिस ने सभी 6 आरोपियों को 8 मई 2025 को गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने इन्हें बनाया था आरोपी

मिथलेश यादव पिता सुदामा यादव 35 वर्ष, सुदामा यादव पिता स्व. सीताराम यादव 62 वर्ष, लालमन पिता स्व. सीताराम यादव 60 वर्ष, राजकुमार यादव पिता स्व. बदरीराम यादव 40 वर्ष, आशीष यादव पिता स्व. दीनानाथ यादव 23 वर्ष एवं विशाल यादव पिता राजकुमार यादव 23 वर्ष, सभी निवासी ग्राम रकेली थाना उदयपुर।

544 दिन जेल में रहे सभी आरोपी

इस मामले में सभी 6 आरोपी 8 मई 2025 से लगातार न्यायिक हिरासत में थे। फैसले तक कुल 544 दिन यानी 1 वर्ष 5 माह 26 दिन जेल में बिताए। पुलिस ने 4 अगस्त 2025 को चालान पेश किया, 30 सितंबर 2025 को आरोप तय हुए और 28 अक्टूबर 2025 से गवाही शुरू हुई। अभियोजन की ओर से 13 गवाह और 49 दस्तावेज पेश किए गए, जिसमें शव पंचनामा, मौका नक्शा, जब्ती पत्रक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल रिपोर्ट शामिल थी। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता एस.के. पांडेय और संजय अंबष्ट ने पैरवी की।

न्यायालय ने की ये टिप्पणी

कोर्ट ने अपने 60 पन्नों के फैसले में कहा कि चिकित्सक डॉक्टर के पोस्टमार्टम और क्यूरी रिपोर्ट से स्पष्ट है कि मृतक को आई सभी घातक चोटें जब्तशुदा सब्बल और टांगी से आना संभव है। अभियुक्त सुदामा यादव को बीएनएस, 2023 की धारा-115/190, 117/190 एवं धारा-191(3) के आरोपों में दोषमुक्त करते हुए केवल धारा-103(1) के अंतर्गत दोषसिद्ध ठहराया जाता है। उसे आजीवन कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया जाता है। अर्थदंड न देने पर 6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। शेष अभियुक्तगण मिथलेश यादव, लालमन यादव, राजकुमार यादव, आशीष यादव एवं विशाल यादव को धारा-103(1)/190 सहित सभी आरोपों से दोषमुक्त किया गया है। कोर्ट ने यह भी लिखा है कि प्रकरण में एक अन्य अभियुक्त प्रेम यादव फरार है, इसलिए जब्त संपत्ति का निराकरण अपील न्यायालय के आदेश पर किया जाएगा।

मुआवजे की अनुशंसा

कोर्ट ने पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2018 के तहत मृतक सोनू यादव के वैधानिक उत्तराधिकारी को पर्याप्त क्षतिपूर्ति राशि देने की अनुशंसा जिला दंडाधिकारी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंबिकापुर से की है। फैसला 3 माह के भीतर लागू करने को कहा गया है। प्रकरण में एक अन्य आरोपी प्रेम यादव अभी भी फरार बताया गया है, जिसके कारण जब्त संपत्ति का निराकरण अपील न्यायालय के आदेश तक लंबित रखा गया है।

बिना वैध लाइसेंस के चल रहा था आरा मिल, 5 लाख से अधिक की लकड़ी जब्त

प्रशिक्षु आईएफएस के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने की छापामार कार्रवाई

छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर। सरगुजा जिले में लंबे समय से चल रहे अवैध लकड़ी के कारोबार पर प्रशिक्षु आईएफएस के नेतृत्व में वन विभाग का लगातार प्रहार जारी है। इसी क्रम में लुंड्रा वन परिक्षेत्र के रघुनाथपुर में बिना वैध लाइसेंस के संचालित हो रहे एक लकड़ी मिल में विभागीय टीम ने अचानक दबिश देकर बड़ी मात्रा में इमारती लकड़ी बरामद की है। कार्रवाई में सागौन, साल, खमार जैसी प्रतिबंधित और कीमती प्रजातियों का चिरान मिला है, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। मौके से लकड़ी परिवहन में इस्तेमाल हो रहा एक पिकअप वाहन भी जब्त किया है।



जानकारी के मुताबिक, वन विभाग को कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि रघुनाथपुर क्षेत्र में अवैध रूप से आरा मिल चल रही है और जंगलों से लकड़ी काटकर वहां चिरान किया जा रहा है। मुखबिर की पुख्ता सूचना के बाद प्रशिक्षु आईएफएस और अंबिकापुर वन मंडल के एसडीओ कुनाल मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने बिना किसी पूर्व सूचना के मिल परिसर में छापा मारा। जांच के दौरान अधिकारियों को मौके पर बड़ी मात्रा में लकड़ी और चिरान मिले। इसमें सबसे ज्यादा मात्रा सागौन और साल की थी, जो वन अधिनियम के तहत अत्यंत संरक्षित श्रेणी में आती है। इसके अलावा खमार और अन्य मिश्रित प्रजातियों की लकड़ी भी बरामद हुई। प्रारंभिक पूछताछ में मिल संचालक लकड़ी के स्रोत को लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

सबसे बड़ा खुलासा लाइसेंस को लेकर हुआ। जांच में सामने आया कि जिस मिल पर कार्रवाई हुई है, उसका लाइसेंस वर्ष 2024 के बाद नवीनीकृत ही नहीं हुआ है। मौके पर लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर और लकड़ी खरीद-बिक्री से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इससे साफ हो गया कि मिल पूरी तरह से अवैध रूप से संचालित हो रही थी। बताया जा रहा है कि इस मिल का संचालन रघुनाथपुर निवासी सुरेश गुप्ता और आकाश गुप्ता के द्वारा किया जा रहा था। वन विभाग ने दोनों व्यक्तियों को इस अवैध कारोबार का मुख्य कर्ताधर्ता मानते हुए उनके विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम और छत्तीसगढ़ आरा मिल नियमों के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

लकड़ी कहां से लाई गई, जांच में जुटा वन विभाग

वन विभाग का कहना है कि, बरामद लकड़ी कहां से लाई गई, क्या यह सीधे जंगल से अवैध कटाई कर लाई गई है या किसी अन्य माध्यम से खरीदी गई, इसकी विस्तृत जांच की जा रही है। पिकअप वाहन के नंबर से भी परिवहन के रूट को ट्रेस किया जा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने के बाद लकड़ी की नीलामी और आरोपियों पर जुर्माने के साथ-साथ जेल की कार्रवाई भी हो सकती है। इस कार्रवाई के बाद पूरे सरगुजा वन वृत्त में अवैध रूप से चल रही अन्य छोटी-बड़ी आरा मिलों में हड़कंप मच गया है। वन विभाग ने चेतावनी दी है कि आनेवाले दिनों में ऐसे अवैध कारोबारों के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा।

जमीन का 25 लाख में सौदा, 25 हजार रुपये देने का आरोप

न्याय की फरियाद लेकर आदिवासी बुजुर्ग महिला पहुंची कलेक्टर-एसपी के पास

छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर। सरगुजा जिले में एक वृद्ध आदिवासी महिला से लाखों की जमीन खरीद करके 25 हजार रुपये थमा देने का मामला सामने आया है। जमीन की रजिस्ट्री होने के बाद परिचित अब उसे जान से मारने की धमकी देने में लगा है। बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम कोट की 73 वर्षीय श्रीमती जगियो दास पति फूल दास ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सरगुजा को आवेदन देकर अवगत कराया है कि ग्राम कर्रा, राजस्व निरीक्षक मंडल दरिमा, तहसील दरिमा में खसरा नंबर 91, 1529, 1530, 1645/2, 1649, 1650/2, 1651/2 एवं 1652 कुल रकबा 2.202 हेक्टेयर भूमि उसके नाम पर थी। उक्त भूमि वर्तमान में राजस्व रिकॉर्ड में सुरेश कुमार अग्रवाल निवासी सत्तीपारा के नाम दर्ज हो गई है।



शिकायत के अनुसार लगभग एक वर्ष पूर्व आर्थिक तंगी के चलते उसे जमीन बेचने की आवश्यकता पड़ी, तो उसके पूर्व परिचित शिवनाथ प्रजापति मूल निवासी ग्राम आमादरहा नवानगर और संजय केरकेट्टा निवासी ग्राम ऊंचडीह के माध्यम से सौदे की बातचीत सनमोगन वानियार निवासी श्रीगढ़ और मोहम्मद समद अंसारी निवासी मोमिनपुरा अंबिकापुर से हुई।

जमीन का कुल विक्रय मूल्य 25 लाख रुपये तय हुआ। परिचितों ने भरोसा दिलाया कि रजिस्ट्री के बाद पूरी राशि उसे मिल जाएगी। इसी भरोसे पर 10.09.2025 को आवेदिका ने जमीन का विक्रय पत्र सुरेश कुमार अग्रवाल के पक्ष में पंजीकृत करा दिया। पीड़िता का आरोप है कि रजिस्ट्री के बाद आज तक 25 लाख रुपये में से सिर्फ 25 हजार रुपये ही अलग-अलग तिथियों में दिए गए हैं। बकाया राशि मांगने पर सनमोगन वानियार द्वारा गाली-गलौज कर मारकर फेंक देने की धमकी दी जाती है। कहा जाता है कि जो करना है कर लो, हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती।

73 वर्ष की उम्र में वृद्धा आर्थिक संकट और मानसिक तनाव में है। जमीन से मिलने वाली राशि ही उसके जीवन यापन और देखभाल का एकमात्र सहारा था। रकम के बदले में धमकी मिलने से वृद्ध महिला खुद को खतरे में महसूस कर रही है और सुरक्षा के साथ बकाया रकम दिलाने का आग्रह की है। महिला ने कहा है कि, विक्रय मूल्य के वास्तविक भुगतान और विक्रय पत्र में अंकित भुगतान विवरण की निष्पक्ष जांच की जाए। भूमि का विक्रय पत्र पंजीकृत होने की स्थिति में उसके निरस्तीकरण और जमीन के आगे हस्तांतरण पर रोक लगाने की मांग की गई है। मामले में सुरेश कुमार अग्रवाल, सनमोगन वानियार, मोहम्मद समद अंसारी, शिवनाथ प्रजापति और संजय केरकेट्टा के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की गई है।

दो पक्षों में खूनी संघर्ष, चाकू और हंसुआ से हमला

छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर। थाना मणीपुर क्षेत्र के दर्रीपारा में एक नवम्बर की रात मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के विरुद्ध थाने में लिखित आवेदन दिया है।

प्रार्थी संदीप गुप्ता पिता लाल मोहर गुप्ता 32 वर्ष, निवासी छठघाट दर्रीपारा ने बताया कि वह सिलफिली से घर लौट रहा था। रास्ते में सामुदायिक भवन के पास अल्ताब खान मोहल्ले की भाभी सरिता देवी से विवाद कर रहा था। मना करने पर अल्ताब ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ में रखे चाकू से हमला कर दिया, जिससे बाएं गाल से खून निकलने लगा। दूसरे पक्ष से अल्ताब खान पिता सलीम खान 25 वर्ष निवासी सामुदायिक भवन के पास दर्रीपारा ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह अपनी नानी के घर आना-जाना करता है। 01 नवम्बर की रात भाभी सरिता देवी ने उसे घर से बाहर जाने, और अपने मामा के यहां चले जाने के लिए कहा। बेटे को घर से निकल जाने के लिए कहने पर मां चंद्रवती सिंह नाराज हुई और विवाद शुरू हो गया।

आरोप है कि इस दौरान मामा झगर, भाभी सरिता और संदीप गुप्ता ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्का से मारपीट करने लगे। मामा झगर ने बांस में लगे हंसुआ से सिर पर वार किया, जिससे सिर से खून निकलने लगा। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अपराध दर्ज करके अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की है।

युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या, घर में मिले संघर्ष के निशान

फॉरेंसिक व डॉग स्क्वायड के साथ पुलिस टीम की मौका जांच, संदिग्धों से चल रही पूछताछ





छ.ग.फ्रंटलाइन लखनपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम राजपुरिकला टिकरापारा में 40 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक की पहचान अंगद राम चौधरी पिता घूरसाय चौधरी 40 वर्ष निवासी राजपुरीकला के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम रजपुरीकला निवासी महादेव चौधरी ने लखनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 2 नवंबर की रात करीब 7.30 बजे उसका बड़ा भाई अंगद राम चौधरी घर पर अकेले था। इस दौरान वह पड़ोस में रहने वाले धर्मेंद्र चौधरी के घर गया, यहां धर्मेंद्र के दादा जगसाय चौधरी की उम्र अधिक होने के कारण उनकी देखरेख कर रहा था। स्वजन के अनुसार मृतक उस समय शराब के नशे में था और उसे धर्मेंद्र चौधरी ने वापस उसके घर छोड़ दिया था। इसी रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने अंगद राम चौधरी की धारदार हथियार से हत्या करके शव को घर के बाहर बाड़ी में फेंक दिया। 3 नवंबर की सुबह करीब 8 बजे गांव के ही रोशन चौधरी ने महादेव चौधरी को घटना की जानकारी दी। महादेव अपने पिता के साथ मौके पर पहुंचा तो बड़े भाई के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले और कपड़े खून से सने हुए थे। सूचना पर लखनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के गले और सिर पर धारदार हथियार से गहरे वार के निशान हैं। घर के अंदर से लेकर आंगन तक घसीटने और संघर्ष के निशान मिले हैं। घर के भीतर एक प्लास्टिक की कुर्सी टूटी हुई पड़ी थी, दीवारों और जमीन पर खून के छींटे बिखरे हुए थे। आशंका है कि हमलावरों ने घर के अंदर ही हमला किया और जान बचाने के लिए अंगद आंगन की ओर भागा, यहां गिरने के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। हत्या के कारणों को लेकर सभी पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही है।

कर्म कट्टरा जंगल में 17 हाथियों के दल ने डाला डेरा, इलाके में दहशत

इलाके में ग्रामीणों के साथ वन अमला कर रहा निगरानी

छ.ग.फ्रंटलाइन उदयपुर। वन परिक्षेत्र उदयपुर के कर्म कट्टरा जंगल में एक बार फिर 17 हाथियों के दल ने डेरा जमा लिया है। सोमवार रात करीब 11 बजे हाथियों के दल के उदयपुर के नजदीक जंगल में पहुंचते ही आसपास के गांवों में दहशत का माहौल बन गया है।



वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार यह दल मैनपाट से केदमा-लालपुर, बिनिया, अरगोती और कुमडेवा की बिछलघाटी होते हुए कर्म कट्टरा जंगल पहुंचा है। दल में छोटे-बड़े सभी 17 हाथी शामिल हैं। हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग की टीम अलर्ट मोड पर है और लगातार निगरानी कर रहा है। रात के समय ड्रोन कैमरे से हाथियों की लोकेशन और मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है ताकि जनहानि से बचा जा सके। विभाग के तीन वाहन मानपुर, झिरमिटी, मोहनपुर, जजगी, महेशपुर, फूनगी और लक्ष्मणगढ़ गांवों में लगातार मुनादी कर ग्रामीणों को सतर्क कर रहे हैं। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे रात में जंगल की ओर न जाएं, महुआ शराब न बनाएं और हाथियों को परेशान न करें। वनपाल उदयपुर रामबिलास सिंह ने बताया कि हाथियों के दल की निगरानी की जा रही है और ग्रामीणों को सुरक्षित रहने की समझाइश दी जा रही है।

500 का तिरपाल बेचकर खाते से उड़ाए 1.81 लाख, बारकोड स्कैन करते ही खाली हुआ खाता

छ.ग.फ्रंटलाइन रामानुजनगर। सूरजपुर जिले में तिरपाल बेचने के नाम पर एक अज्ञात ठग ने ग्रामीण के खाते से 1 लाख 81 हजार 490 रुपये उड़ा दिए। पीड़ित भुवनेश्वरपुर निवासी ईश्वर प्रसाद कुशवाहा ने रामानुजगनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

जानकारी के मुताबिक, ईश्वर प्रसाद का बैंक ऑफ इंडिया शाखा सूरजपुर में खाता है। बीते 14 जून को उसने एक अज्ञात फेरीवाले से तिरपाल खरीदा। कीमत 500 रुपये तय होने के बाद पैसा लेने के लिए ठग ने अपने मोबाइल में किसी दूसरे के बारकोड का फोटो दिखाया। ईश्वर ने उसी पर 500 रुपये ट्रांसफर कर दिया। यही उनकी सबसे बड़ी गलती साबित हुई। करीब 3 घंटे बाद उसके मोबाइल पर लगातार दो मैसेज आए। पहला 50,000 रुपये और ठीक एक मिनट बाद 49,490 रुपये कटने का। देखते ही देखते 99,490 रुपये खाते से गायब हो गए। घबराए किसान ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करके इसकी शिकायत दर्ज कराई।

अगले दिन 15 जून को वह बैंक पहुंचा, पता चला कि खाते में अभी 82,000 रुपये बचे हैं। उसने बैंक अधिकारियों से खाता होल्ड करने के लिए कहा तो अधिकारियों ने कहा कि 1930 पर शिकायत करने के बाद खाता ऑटो होल्ड हो गया होगा। पीड़ित आश्वस्त होकर घर लौट आया। लेकिन ठग का खेल अभी बाकी था। 30 जून को जब वे दोबारा बैंक गया तो बचा हुआ 82 हजार भी खाते से साफ हो चुका था। इस बार तो रुपये कटने का संदेश तक मोबाइल में नहीं आया। उसने फिर से 1930 पर दूसरी शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत पर रामानुजगनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर लिया है। बैंक स्टेटमेंट और ट्रांजेक्शन आईडी साइबर सेल को भेजी गई है। पुलिस बारकोड के जरिये हुए लिंक की जांच कर रही है कि किस वॉलेट या खाते में पैसा ट्रांसफर हुआ है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर क्यूआर कोड या बारकोड स्कैन न करें। छोटा भुगतान भी सोच-समझकर करें और ठगी होने पर तुरंत 1930 पर कॉल कर नजदीकी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएं।

(बालाजी क्लीनिक)
मद्रासी दवाखाना
Reg. No. Cg03026 ISO 9001: 2015 CERTIFIED

बादी एवं खूनी बवासीर, नासूर, भगंदर, फीसर एवं कांच (गुदा) का क्षार सूत्र से, एवं आंतों की बीमारियों जैसे पेट का भारीपन, गैस, कब्ज, पुरुष और स्त्री के गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक उपचार किया जाता है।

डॉ. के.एम. राव
एम.एस.(आयु) शल्य
भूतपूर्व प्राध्यापक शल्य विभाग
शासकीय आयुर्वेद कॉलेज अहमदाबाद

समय :- सोमवार से शनिवार, सुबह 10 से 2, शाम 6 से 7:30
रविवार सुबह 10 से 2, शाम को बंद रहेगा

बिलासपुर रोड, बिलासपुर चौक, अम्बिकापुर मो. 90099-56307

सुपेला फ्लाइओवर पर पलटा लोहे के तारों से लदा ट्रक, चालक को आई झपकी, बाल-बाल बचे राहगीर



भिलाई, (एजेंसी)। सुपेला फ्लाइओवर पर चालक को नींद की झपकी आने से लोहे के तारों से लदा मालवाहक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक डिवाइडर से टकराने के बाद पलटा और हादसे के दौरान उसका एक टायर भी फट गया। गनीमत रही कि उस समय आसपास कोई छोटा वाहन या राहगीर ट्रक की चपेट में नहीं आया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार ट्रक रायपुर से लोहे के तारों के बंडल लोड कर महाराष्ट्र जा रहा था। सुपेला फ्लाइओवर से उतरते समय चालक को झपकी आ गई। उसने वाहन को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन ट्रक डिवाइडर से टकराकर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद फ्लाइओवर पर यातायात बाधित हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद एक तरफ का रास्ता खुलवाकर वाहनों की आवाजाही शुरू कराई। ट्रक पलटने से कुछ समय तक फ्लाइओवर पर जाम की स्थिति बनी रही।

शिक्षक और नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन



विश्रामपुर। दो अलग अलग मामले में एक शिक्षक व नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। करंजी पुलिस ने बताया कि सूरजपुर विकासखंड के लाइनपारा कुमदा बस्ती में पदस्थ शिक्षक 42 वर्षीय राजेश प्रसाद सारथी पिता सोना लाल सारथी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि शिक्षक का परिवार के साथ विवाद चल रहा था। करीब डेढ़ माह पूर्व उन्होंने बिश्रामपुर की चोपड़ा कॉलोनी से अपना निवास हटाकर ग्राम पंचायत दतिमा में रहना शुरू किया था। जानकारी के अनुसार घटना वाली रात उन्होंने भोजन से पहले दवा ली और खाना खाने के बाद सो गए। सोमवार सुबह घर में उनका शव मिला है। ज्ञात हो कि शिक्षक को बीपी की भी शिकायत थी। परिवार से अलग रहने के कारण वे मानसिक तनाव में थे। उनके द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन किए जाने की आशंका भी जताई जा रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि उनकी मौत हृदयाघात से हुई है या किसी अन्य कारण से। वहीं एक घटना में ग्राम पंचायत लटोरी के भंडारपारा की है। यहां रहने वाली नवविवाहिता 21 वर्षीय पुष्पलता राजवाड़े पति मनीष राजवाड़े की सोमवार शाम अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे चक्कर आने के बाद वह घर में ही गिर पड़ी। परिजन तत्काल उसे लटोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। नवविवाहिता की मौत को लेकर मायके पक्ष द्वारा संदेह जताए जाने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतिका मूलत: सरगुजा जिले के दरिमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रकेली की निवासी थी। करीब दो वर्ष पूर्व उसका विवाह लटोरी भंडारपारा निवासी मनीष राजवाड़े से हुआ था। उसका एक बच्चा भी है। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पीएम में देरी से नाराजगी

बताया जा रहा है कि नवविवाहिता की मौत के मामले में लटोरी अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। सोमवार शाम उसकी मौत के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के पीएम कक्ष में रखवाया गया था, लेकिन उसका पोस्टमार्टम मंगलवार शाम को किया गया। शव के पोस्टमार्टम में हुई देरी को लेकर अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही की चर्चा है। परिजन का आरोप है कि सुबह ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक व अस्पताल कर्मियों द्वारा बार बार गुमराह किए जाने से उन्हें बेवजह परेशानी का सामना करना पड़ गया। ज्ञात हो कि लटोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अस्पताल प्रबंधन का लापरवाही की कई घटना पूर्व में भी सामने आ चुकी हैं। अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के खिलाफ ग्रामीणों ने जमकर हंगामा मचाया। जिला पंचायत सदस्य किरण सिंह केराम द्वारा मामले में हस्तक्षेप कर जल्द पीएम की व्यवस्था कराई गई।

सुरजपुर बीएमओ डॉ. अमित भगत ने बताया कि मुझे आज उक्त जानकारी हुई थी, जिसके बाद तत्काल पीएम कराने की पहल की गई। शव का पीएम कराकर परिजन के सुपुर्द करा दिया गया है।

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का ब्लाक स्तरीय आंकलन शिविर



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

विश्रामपुर। जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा सूरजपुर के तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय विश्रामपुर में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय आंकलन एवं मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की शारीरिक व मानसिक स्थिति का परीक्षण कर उन्हें समाज व शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। शिविर के दौरान सूरजपुर विकासखंड के 146 बच्चों का पंजीयन किया गया। चिकित्सकों द्वारा किए गए गहन परीक्षण के बाद 55 बच्चों को पात्र पाया गया, जिन्हें भविष्य में दैनिक जीवन एवं अध्ययन को सुगम बनाने हेतु 109 प्रकार के विभिन्न सहायक उपकरण व सामग्री प्रदान की जाएगी। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित होकर बच्चों की स्वास्थ्य जांच की। इसमें अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक गुप्ता, श्रवण रोग विशेषज्ञ डॉ. सूरज पाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक गुप्ता तथा मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक गुप्ता ने बच्चों की शारीरिक दिव्यांगता, श्रवण क्षमता, दृष्टि दोष और मानसिक स्वास्थ्य का बारीकी से परीक्षण कर आवश्यक परामर्श व उपचार दर्ज किया। इस अवसर पर विकासखंड स्रोत समन्वयक मनोज कुमार मंडल ने बच्चों व अभिभावकों से कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चे समाज के अभिन्न अंग हैं और उनमें असीम प्रतिभा छिपी होती है। शासन की मंशा इन बच्चों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की है, ताकि वे बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। मंडल ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की कमियों पर ध्यान न देकर उनके हौसले को बढ़ाएं और शासन द्वारा प्रदत्त सहायक उपकरणों व योजनाओं का पूरा लाभ उठाकर इन्हें मुख्यधारा से जोड़ने में सहभागी बनें।

इस अवसर पर संकुल समन्वयक गौरीशंकर पाण्डेय, विजय यादव, पंकज सिंह, राधा नन्दी, योगेश कुमार चन्द्राकर, अभिषेक दुबे, आजाद मोहम्मद अंसारी, अजय गोस्वामी, सुनिल चौधरी, इन्दु राठौर, योगेश कुमार कश्यप, समृद्धि चन्द्राकर, दुबे राम पैकरा, श्रीराम यादव, मंजु दुबे व अन्य उपस्थित रहे।

भाजपा शासन में रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़े : धनंजय ठाकुर



रायपुर, (एजेंसी)। बढ़ती महंगाई और खाद्य सामग्री की कीमतों को लेकर कांग्रेस ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि महंगाई पर नियंत्रण के वादे के बावजूद आम जनता को राहत नहीं मिल रही है। चावल, दाल, तेल, शक्कर और अन्य जरूरी खाद्य वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है।

जारी बयान में धनंजय सिंह ठाकुर ने दावा किया कि चावल की कीमतों में प्रति किलो 40 रुपये तक की वृद्धि हुई है। वहीं शक्कर, तेल, मिर्च-मसाले, दाल, चना और गेहूं सहित रोजमर्रा की कई वस्तुओं के दाम 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं।

उन्होंने कहा कि बिजली दर, रसोई गैस और यात्री बस किराए में भी वृद्धि हुई है, जबकि आम लोगों की आय में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हुई। इसके चलते परिवारों की बचत प्रभावित हो रही है और लोगों को रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा ने महंगाई कम करने और अच्छे दिन लाने का वादा किया था, लेकिन आम लोगों को अब भी राहत नहीं मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि बढ़ती कीमतों के कारण आम परिवारों की थाली से पौष्टिक भोजन कम होता जा रहा है और रसोई का खर्च लगातार बढ़ रहा है। ठाकुर ने सवाल उठाया कि सरकार आम जनता को महंगाई से राहत कब देगी? उन्होंने आवश्यक खाद्य सामग्री और रसोई गैस की कीमतों पर नियंत्रण करने तथा आम लोगों को आर्थिक राहत देने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार को विज्ञापनों और प्रचार के बजाय जनता की वास्तविक समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। महंगाई के कारण निम्न और मध्यम आय वर्ग के परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ रहा है।

जीएसटी संग्रहण को लेकर कांग्रेस का भाजपा सरकार पर हमला

रायपुर, (एजेंसी)। देश में रिकॉर्ड जीएसटी संग्रहण को लेकर कांग्रेस ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों में बढ़ा हुआ जीएसटी संग्रहण विकास का संकेत नहीं, बल्कि महंगाई के कारण आम जनता पर बढ़े आर्थिक बोझ का परिणाम है।



3 नवंबर को जारी बयान में सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि अक्टूबर महीने में जीएसटी संग्रहण 23 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2.31 लाख करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है। वहीं, आयात पर जीएसटी संग्रहण में 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज होने का दावा किया गया है। उन्होंने कहा कि महंगाई के कारण लोगों को सामान अधिक कीमत पर खरीदना पड़ रहा है, जिसके चलते सरकार को ज्यादा टैक्स मिल रहा है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि देश में घरेलू बचत घटने से मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। आम लोगों की क्रय शक्ति कमजोर हो रही है और छत्तीसगढ़ के छोटे व्यापारी भी महंगाई तथा टैक्स के बोझ से परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जीएसटी संग्रहण के बढ़ते आंकड़ों को आर्थिक तरक्की के रूप में पेश कर रही है, जबकि आम जनता आर्थिक दबाव का सामना कर रही है। सुरेंद्र वर्मा ने आयात पर जीएसटी संग्रहण में 42 प्रतिशत की वृद्धि को व्यापार संतुलन से जुड़ी चिंताओं का संकेत बताया। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक असमानता के बीच आम परिवारों की बचत प्रभावित हो रही है।

उन्होंने कहा कि विकास का आकलन केवल टैक्स संग्रहण के आंकड़ों से नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि यह भी देखना जरूरी है कि आम आदमी की आय और बचत में कितनी वृद्धि हुई है। कांग्रेस ने सरकार के आर्थिक दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता की आर्थिक स्थिति में सुधार को विकास का प्रमुख आधार बनाया जाना चाहिए।

महतारी वन्दन योजना बनी 70 लाख बहनों के आर्थिक स्वावलम्बन और सम्मान का आधार : भाजपा

रायपुर, (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी की राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा संचालित 'महतारी वन्दन योजना' को प्रदेश की महिला सशक्तीकरण के इतिहास का मील का पत्थर बताया है। श्रीमती वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री साय की संवेदनशील कार्यप्रणाली ने प्रदेश की लगभग 70 लाख माताओं-बहनों के जीवन में आर्थिक सुरक्षा, आत्मसम्मान और नए विश्वास का संचार किया है।



भाजपा सांसद श्रीमती वर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय महिला कल्याण की योजनाएँ केवल कागजों तक सीमित थीं, लेकिन साय-सरकार ने सत्ता सम्भालने के कुछ ही महीनों के भीतर 'महतारी वन्दन योजना' को लागू कर यह साबित कर दिया कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है। आज हमारी माताएँ-बहनें अपनी छोटी-बड़ी जरूरतों, बच्चों की पढ़ाई, पोषण और पारिवारिक आकस्मिक खर्चों के लिए किसी पर निर्भर नहीं हैं। यह योजना केवल 1,000 रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की नारी शक्ति के स्वाभिमान की स्थायी व्यवस्था है। श्रीमती वर्मा ने योजना के मुख्य तथ्यों एवं उपलब्धियों की चर्चा करते हुए बताया कि योजना के अन्तर्गत प्रदेश की पात्र विवाहित, विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 (वार्षिक 12,000) रुपये सीधे उनके आधार-लिंक्ड बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए अंतरित किए जा रहे हैं। राज्य की 70 लाख से अधिक पात्र महिलाएँ नियमित रूप से इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं। डीबीटी व्यवस्था के कारण बिचौलियों की कोई गुंजाइश नहीं रही, जिससे शत-प्रतिशत राशि सीधे लाभार्थी के खाते में पहुँच रही है। प्रत्येक माह की तय तारीख पर योजना की किश्त जारी की जाती है, जिससे परिवार के घरेलू बजट को स्थिरता मिली है। श्रीमती वर्मा ने कहा कि महतारी वन्दन योजना से मिलने वाली निरंतर राशि और स्व-सहायता समूहों के विस्तार ने ग्रामीण अंचलों में महिलाओं को लखपति दीदी बनने और लघु स्वरोजगार स्थापित करने की नई दिशा दी है। प्रदेश में मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के ध्येय पर चलते हुए समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्पित है। महतारी वन्दन योजना ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब नेतृत्व सशक्त और नीतियाँ पारदर्शी हों, तो बदलाव सीधे जमीनी स्तर पर दिखता है।

न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.
रा०प्र०क्र० / 20(1) / 2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका हरीश मनवानी आ० / पति किशन चंद मनवानी जाति निवासी ब्रम्हरोड़ अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला बाबूपारा, शीट नम्बर-9 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3467 / 4866 / 176 रकबा 1560 वर्गफीट भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक / आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 16.11.26 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 02.11.26 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

सिलतरा के जायसवाल निको स्टील प्लांट में श्रमिक की मौत, परिजनों और ग्रामीणों का जोरदार प्रदर्शन

धरसीवां (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित जायसवाल निको स्टील प्लांट में एक श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद तनाव की स्थिति बन गई है। घटना से नाराज मृतक के परिजनों और सैकड़ों ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों के साथ फैक्ट्री गेट के सामने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने प्लांट में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए न्याय, उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी देने की मांग की है।

मृतक की पहचान मोहदा निवासी संतोष वर्मा के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, संतोष लंबे समय से जायसवाल निको प्लांट में श्रमिक के रूप में काम कर रहा था। सोमवार दोपहर ड्यूटी के दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। इसके बाद फैक्ट्री प्रबंधन उसे तत्काल रायपुर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मौत की



वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी।

घटना के बाद प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्रियों में श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि कई स्थानों पर पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के बिना मजदूरों से काम कराया जाता है। इसके अलावा प्रदूषण और खतरनाक गैसों के भंडारण को लेकर भी उन्होंने चिंता जताई है।

मोहदा निवासी स्थानीय ग्रामीण लोकेश कश्यप ने आरोप लगाया कि श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरती जाती है। उन्होंने मृतक के परिवार को न्याय और उचित मुआवजा देने की मांग की।

जनपद सदस्य प्रतिनिधि ईश्वर निषाद ने कहा कि जब तक मृतक के परिवार को न्याय, उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी नहीं मिलती, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन से औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्रियों में सुरक्षा मानकों की जांच कराने की मांग भी की।

घटना की जानकारी मिलते ही धरसीवां पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मृतक के परिजनों तथा फैक्ट्री प्रबंधन के बीच बातचीत कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

फिलहाल फैक्ट्री गेट के सामने प्रदर्शन जारी है और सभी की नजरें प्रशासन की कार्रवाई तथा प्रबंधन के फैसले पर टिकी हुई हैं।

जिले के 375 गांवों के 19 हजार से अधिक परिवारों को मिला जमीन का मालिकाना हक

कवर्धा, (एजेंसी)। अब ग्रामीण परिवारों को अपनी आवासीय जमीन के मालिकाना हक का दस्तावेज मिल रहा है। सोमवार को राज्योत्सव के अवसर पर पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने राजस्व विभाग के स्टॉल पर हितग्राहियों को अधिकार पत्र सौंपे। कबीरधाम जिले में स्वामित्व योजना के तहत अब तक 375 गांवों के 19 हजार 140 हितग्राहियों को स्वामित्व अधिकार पत्र वितरित किए जा चुके हैं। अधिकार पत्र मिलने पर हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी।



सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण परिवारों को उनकी आवासीय संपत्ति का वैधानिक अधिकार दिलाने की महत्वपूर्ण पहल है। इससे ग्रामीणों को अपनी संपत्ति का प्रमाणित दस्तावेज मिल रहा है और उनके अधिकार सुरक्षित हो रहे हैं। योजना का लाभ मिलने से ग्रामीणों को संपत्ति संबंधी विवादों से राहत मिलने के साथ बैंकिंग और वित्तीय सुविधाओं का लाभ लेने में भी सहूलियत होगी। संपत्ति के स्वामित्व को लेकर स्पष्टता आने से भविष्य में संपत्ति संबंधी लेन-देन भी आसान होगा। राज्योत्सव में राजस्व विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से नागरिकों को स्वामित्व योजना के उद्देश्य, प्रक्रिया और लाभों की जानकारी दी गई। इस दौरान पात्र हितग्राहियों को अधिकार पत्र प्रदान कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने की पहल की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, छत्तीसगढ़ राज्य शाकंभरी बोर्ड के सदस्य श्री संतोष पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्री राम कुमार भट्ट, जनपद पंचायत कवर्धा की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, श्री नितेश अग्रवाल, श्री पवन जायसवाल, श्री जयराम साहू एवं डॉ. आनंद मिश्रा सहित जनप्रतिनिधिगण और संबंधित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसेवा के क्षेत्र में डॉ. राहुल को मिलेगा अग्रवाल समाज का ग्लोबल आईकॉन अवार्ड

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सूरजपुर। सामाजिक सेवा, मानव कल्याण और जनहित के कार्यों के प्रति समर्पण जब किसी व्यक्ति के जीवन का उद्देश्य बन जाता है, तो उसकी पहचान केवल उपलब्धियों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वह समाज के लिए प्रेरणा बन जाता है। सूरजपुर के डॉ. राहुल अग्रवाल टिंकू ने अपने संघर्षपूर्ण जीवन, व्यावसायिक उपलब्धियों और निरंतर जनसेवा के माध्यम से ऐसी ही एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उनके इसी सामाजिक योगदान और समर्पण को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलने जा रहा है। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन द्वारा डॉ. राहुल अग्रवाल को महाराजा अग्रसेन ग्लोबल आइकॉन अवार्ड-2026 से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल द्वारा 31 अक्टूबर को जारी सम्मान पत्र के माध्यम से इसकी औपचारिक सूचना दी गई है। यह सम्मान 14 नवंबर को नई दिल्ली स्थित अंबेडकर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, जनपथ में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। इस राष्ट्रीय आयोजन में देशभर से अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों एवं विशिष्ट व्यक्तित्वों की उपस्थिति रहेगी। सूरजपुर के लिए यह गौरव का विषय है कि यहां से जुड़ी एक शख्सियत को राष्ट्रीय मंच पर समाजसेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा। डॉ. राहुल को मिलने वाला यह सम्मान केवल एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं, बल्कि समाजसेवा के प्रति समर्पित सोच और मानवीय मूल्यों की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान है। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि शारीरिक चुनौतियां किसी व्यक्ति की इच्छाशक्ति, कर्मठता और समाज के लिए कुछ करने के संकल्प को कमजोर नहीं कर सकतीं। जहाँ संघर्ष ने उन्हें मजबूत बनाया, व्यावसायिक सफलता ने उन्हें सक्षम बनाया और सेवा भावना ने उन्हें समाज से जोड़े रखा। अब अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय मंच पर मिलने जा रहा महाराजा अग्रसेन ग्लोबल आइकॉन अवार्ड उनके इसी समर्पण का सम्मान होगा। इस उपलब्धि से सूरजपुर सहित सरगुजा संभाग में हर्ष और गौरव का वातावरण है।

हादसे ने बदली जिंदगी, लेकिन हौसले नहीं हुए कमजोर

डॉ. राहुल अग्रवाल टिंकू की जीवन यात्रा संघर्ष, आत्मविश्वास और अदम्य इच्छाशक्ति की मिसाल है। एक सड़क दुर्घटना के कारण उन्हें स्पाइनल कॉर्ड इंजरी का सामना करना पड़ा। यह उनके जीवन का बेहद चुनौतीपूर्ण दौर था, लेकिन उन्होंने परिस्थितियों के सामने हार मानने के बजाय अपने आत्मबल को मजबूत किया। शारीरिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने न केवल स्वयं को



आत्मनिर्भर बनाए रखा, बल्कि व्यावसायिक और सामाजिक क्षेत्र में भी अपनी सक्रियता कायम रखी। यही संघर्ष आज उनके व्यक्तित्व को और अधिक प्रेरणादायी बनाता है।

व्यावसायिक सफलता के साथ समाजसेवा को बनाया जीवन का उद्देश्य

व्यावसायिक क्षेत्र में बर्बरीक प्रोजेक्ट लिमिटेड में वाइस प्रेसिडेंट के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। कंपनी रेल, सड़क, खनन और आधारभूत संरचना विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्यरत है। व्यावसायिक दायित्वों के साथ-साथ उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, धार्मिक गतिविधियों, खेल और जरूरतमंदों की सहायता को भी अपने सामाजिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया है। उनके सेवा कार्यों में साधुराम विद्या मंदिर का संचालन, एसआरपीआर मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साधुराम सेवा कुंज तथा नर्सिंग कॉलेज के संचालन से जुड़ी पहलें शामिल हैं। इन संस्थानों के माध्यम से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में समाज को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। डॉ. राहुल की सेवा भावना का एक महत्वपूर्ण पक्ष दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता है। उनके द्वारा वर्षभर दिव्यांगजनों की सहायता एवं सेवा के कार्य किए जाते हैं। इसके साथ ही खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और सहयोग, निर्धन कन्याओं के विवाह में सहायता तथा आश्रयविहीन लोगों को आवास निर्माण में सहयोग जैसी गतिविधियां भी उनके सामाजिक सरोकारों को दशार्ती हैं। धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में देवगढ़ धाम में भंडारा, मां बागेश्वरी मंदिर निर्माण तथा कुदरगढ़ धाम में नौ दिवसीय सेवा भंडारे के आयोजन में उनका योगदान उल्लेखनीय है। वहीं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी वे सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

धनतेरस-दीपावली पर रॉयल एनफील्ड की धूम, स्टेलर्स मोटर राइडर्स में बाइक्स की बंपर बुकिंग

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर। धनतेरस और दीपावली के शुभ अवसर पर मनेन्द्रगढ़ रोड स्थित रॉयल एनफील्ड के अधिकृत शोरूम स्टेलर्स मोटर राइडर्स में ग्राहकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। त्योहारी सीजन में शुभ मुहूर्त पर वाहन खरीदने पहुंचे ग्राहकों ने बड़ी संख्या में रॉयल एनफील्ड बाइक्स की बुकिंग कराई है। एक ही दिन में 21 बाइक्स की बुकिंग ने नया रिकॉर्ड बना दिया।

धनतेरस पर वाहन खरीदना समृद्धि और शुभ लाभ का प्रतीक माना जाता है। यही वजह है कि दीपावली के मौके पर लोग अपने घर खुशियों की सवारी लाना

चाहते हैं। स्टेलर्स मोटर राइडर्स में धनतेरस-दीपावली के विशेष ऑफर्स और आकर्षक फाइनेंस सुविधाओं का लाभ लेने ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। शहर में रॉयल एनफील्ड के पुराने शोरूम मौजूद होने के बावजूद स्टेलर्स मोटर राइडर्स ने बहुत कम समय में अपनी अलग पहचान बना ली है। आधुनिक शोरूम, शानदार सेल्स एक्सपीरियंस और भरोसेमंद आफ्टर सेल्स सर्विस के कारण ग्राहक इस शोरूम को ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

डीलर आयुष गर्ग ने कहा - ₹धनतेरस और दीपावली खुशियों का त्योहार है। हर ग्राहक चाहता है कि इस शुभ अवसर पर उसके आंगन में नई रॉयल एनफील्ड की गड़गड़ाहट गूंजे। हमारा उद्देश्य सिर्फ वाहन बेचना नहीं, बल्कि ग्राहकों को खरीदारी से लेकर सर्विस तक एक यादगार रॉयल एनफील्ड अनुभव देना है। इसलिए शोरूम में सभी प्रमुख मॉडल उपलब्ध कराने के साथ समयबद्ध सर्विस, बेहतर वर्कशॉप और दीपावली स्पेशल डिलीवरी एक्सपीरियंस पर फोकस किया जा रहा है। ₹ शोरूम में क्लासिक, बुलेट, हंटर, मिटिओर, हिमालयन और इंटरसेप्टर सहित रॉयल एनफील्ड की पूरी रेंज उपलब्ध है। धनतेरस से दीपावली तक बुकिंग का आंकड़ा और बढ़ने की उम्मीद है।

हड़ताली पटवारियों पर बड़ी कार्रवाई, 4 पटवारी निलंबित, दो पदाधिकारी भी शामिल

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रामानुजनगर। धान खरीदी की तैयारियों के बीच हड़ताल पर गए पटवारियों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। रामानुजनगर में पटवारी संघ के जिला उपाध्यक्ष और तहसील अध्यक्ष सहित चार पटवारियों को निलंबित कर दिया गया है।

कारण बताओ नोटिस का जवाब तक नहीं दिया

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 2 नवंबर 2026 को जारी आदेश में इन पटवारियों को 31 अक्टूबर 2026 तक अनिवार्य रूप से कर्तव्य पर उपस्थित होकर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही



कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। लेकिन तय तिथि तक न तो पटवारी ड्यूटी पर लौटे और न ही नोटिस का कोई जवाब दिया। इसे शासकीय कार्य के प्रति घोर लापरवाही मानते हुए प्रशासन ने निलंबन की कार्रवाई की है।

किन पर हुई कार्रवाई?

पटवारी संघ के जिला उपाध्यक्ष सीमा रवि, तहसील अध्यक्ष गीता सिंह, हल्का पटवारी मनोज कुमार एवं हल्का पटवारी एंजिला भगत को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3(1)(2)(3) के विपरीत होने से छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उप नियम (1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

आदेश में क्या कहा गया?

निलंबन आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि इनके अनुपस्थित रहने से फसल गिरदावरी, एग्रीस्टैक पंजीयन, नामांतरण, बंटवारा, आय-जाति-निवास प्रमाणपत्र पर लगने वाले प्रतिवेदन व अन्य महत्वपूर्ण जनहित के कार्य प्रभावित हुए हैं, जो शासकीय कार्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता का द्योतक है।

हड़ताल से प्रभावित हो रहे कार्य

बता दें कि अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिले के पटवारी अचानक हड़ताल पर चले गए हैं। धान खरीदी सीजन शुरू होने के ठीक पहले राजस्व अमला के हड़ताल पर जाने से किसानों के पंजीयन, जमीन संबंधी काम और प्रमाण पत्रों से जुड़े कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

किसानों का रकबा शून्य होने पर रकबा संशोधन की मांग

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सूरजपुर। जिले के विभिन्न ग्रामों में धान खरीदी पंजीयन के दौरान किसानों की कृषि भूमि का रकबा शून्य प्रदर्शित होने से किसान परेशान हैं। इस समस्या को लेकर मंगलवार को सरगुजा बचाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रभावित किसानों के पंजीयन में सुधार एवं वास्तविक रकबा पुनः दर्ज कराने की मांग की। समिति ने ज्ञापन में बताया कि तकनीकी अथवा राजस्व अभिलेखों से संबंधित त्रुटियों के कारण कई किसानों का पंजीकृत रकबा शून्य हो गया है। इससे किसानों को आगामी धान खरीदी में अपनी उपज बेचने में परेशानी का सामना करना पड़



सकता है। किसानों ने अपनी कृषि भूमि में खरीफ फसल की खेती की है तथा धान विक्रय के लिए पंजीयन भी कराया है, लेकिन रकबा शून्य होने से उनके सामने आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकता है। समिति ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित किसानों की ग्रामवार एवं केंद्रवार सूची तैयार कराई जाए तथा संबंधित किसानों के भूमि अभिलेखों एवं पंजीयन की जांच कर वास्तविक कृषि रकबा पुनः दर्ज किया जाए। इसके साथ ही रकबा संबंधी समस्या का निराकरण होने तक प्रभावित किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। इसमें आदिवासी युवा छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पैकरा, संभाग संरक्षक कृष्णा नारायण प्रताप, जिला अध्यक्ष आनंद मरकाम, सरगुजा बचाओ संघर्ष समिति के संदीप कुशवाहा, विनय पैकरा, शीतल प्रसाद पाटिल, वीरेंद्र कुशवाहा एवं जय सिंह ने कलेक्टर से संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल जांच एवं निराकरण के निर्देश देने की मांग की है। सात दिवस में समाधान के आभाव में किसानों के साथ उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

आरएसएस का भैयाथान में पथ संचलन, कदमताल करते निकले स्वयंसेवक, अनुशासन और एकता का दिया संदेश



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

भैयाथान। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा भैयाथान में पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीताराम कुशवाहा तथा मुख्य वक्ता के रूप में सतेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। स्थानीय खेल मैदान भैयाथान से पथ संचलन की शुरूआत हुई। पूर्ण गणवेश में शामिल स्वयंसेवकों ने अनुशासित तरीके से कदमताल करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से संचलन किया। पथ संचलन पेट्रोल पंप तक पहुंचा, जहां से स्वयंसेवक पुनः वापस हाई स्कूल मैदान पहुंचे। यहां कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीताराम कुशवाहा एवं मुख्य वक्ता सतेंद्र गुप्ता ने विजयादशमी पर्व के महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने संगठन में अनुशासन, एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रसेवा की भावना को महत्वपूर्ण बताया।

बलरामपुर में तिलहन उत्पादकता बढ़ाने पर जोर, किसानों को मिली उन्नत तकनीक की जानकारी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

बलरामपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के अंतर्गत भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान हैदराबाद के सहयोग से संचालित टीएसपी तिलहन परियोजना के अंतर्गत ग्राम अतौरी, झालरिया एवं बुखा, विकासखंड बलरामपुर में जनजातीय कृषकों के लिए सरसों की उन्नत बीज वितरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत 50 एकड़ क्षेत्र में सरसों की खेती को प्रोत्साहित करने हेतु किसानों को उन्नत किस्मों के बीज वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन तिलहन परियोजना के राज्य प्रमुख अन्वेषक डॉ. नंदन मेहता, राज्य समन्वयक डॉ. संजय द्विवेदी एवं परिक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र अम्बिकापुर के



सह-संचालक अनुसंधान डॉ. के.एल. पैंकरा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र अम्बिकापुर के परियोजना प्रमुख अन्वेषक डॉ. सत्येंद्र कुमार गुप्ता (वैज्ञानिक- शस्य विज्ञान), डॉ. अखिलेश लकड़ा (तकनीकी सहायक) एवं कृषि विज्ञान केंद्र बलरामपुर के शस्य वैज्ञानिक डॉ. इन्द्रपाल पैंकरा एवं मृदा वैज्ञानिक डॉ. अमीना एक्का उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कृषि विशेषज्ञों द्वारा तिलहनी फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीक, कतार बोआई, फसल प्रबंधन, बीज उपचार, भूमि सुधार, सल्फर का महत्व तथा कृषि आदानों के संतुलित उपयोग पर तकनीकी व्याख्यान दिए गए। वैज्ञानिकों ने किसानों को तिलहनी फसलों की उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने हेतु आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

नवीन शासकीय महाविद्यालय में युवा संवाद का आयोजन



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रघुनाथनगर। नवीन शासकीय महाविद्यालय, रघुनाथनगर में आज ₹लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका₹ विषय पर युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) रेवती प्रसाद ने की। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक रजनीकांत जायसवाल सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवाओं को लोकतंत्र के प्रति जागरूक रहने, मतदान के महत्व को समझने तथा सामाजिक एवं राष्ट्रीय विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि युवा किसी भी देश की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं का जागरूक, जिम्मेदार और सक्रिय होना आवश्यक है। युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान के आदर्शों तथा सामाजिक समरसता को आत्मसात करते हुए देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।

जिला मुख्यालय में मंत्री लक्ष्मी ने किया महिला थाना का लोकार्पण

जिलें की पहली महिला थाना प्रभारी बनी एसआई पुष्पा तिर्की

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सूरजपुर। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और उन्हें त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में जिले को एक महत्वपूर्ण सौगात मिली है। सोमवार को जिले में नवीन महिला थाना का शुभारंभ किया गया। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग की मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कोतवाली थाना परिसर में स्थापित महिला थाना का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर एसआई पुष्पा तिर्की को जिले के प्रथम महिला थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण कराया गया। महिला थाना खुलने से जिले की महिलाओं को अपनी शिकायतें दर्ज कराना अब आसान होगा।

महिला संबंधी अपराधों एवं शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई, जांच और विवेचना सुनिश्चित करने में यह थाना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नवीन महिला थाने में थाना प्रभारी सहित आवश्यक पुलिस बल की पदस्थापना भी की गई है। इस अवसर पर प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रमणी पैंकरा, भीमसेन अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, रेडक्रास सोसायटी के चेयरमेन बाबुलाल अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजलाल राजवाड़े, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती नूतन विश्वास, कलेक्टर श्रीमती रेना जमील एवं पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने वाला महत्वपूर्ण कदम-लक्ष्मी

शुभारंभ अवसर पर मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने महिला थाना की स्थापना को महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि महिला थाना महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम में सहायक होगा। साथ ही पीड़ित महिलाओं को अपनी समस्याएं और शिकायतें सहजता से रखने का अवसर मिलेगा तथा उनकी शिकायतों के त्वरित निराकरण की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। लोकार्पण पश्चात मंत्री ने थाने के रोजनामचा में शुभकामना संदेश दर्ज किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि नवीन महिला थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, महिलाओं, बच्चों एवं पीड़ितों को न्याय दिलाने तथा अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास कायम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने बनेगा प्रभावी माध्यम-एसपी

एसपी योगेश कुमार पटेल ने कहा कि पुलिस महिलाओं की सुरक्षा एवं उनसे जुड़ी शिकायतों के प्रति बेहद संवेदनशील है। महिला थाना प्रारंभ होने से अब महिलाएं सीधे महिला थाने में पहुंचकर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगी। यहां महिला थाना प्रभारी एवं महिला पुलिस स्टाफ उनकी समस्याओं को सहजता और संवेदनशीलता के साथ सुनेंगे तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि महिला थाना महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने और उन्हें न्याय दिलाने की दिशा में एक प्रभावी माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

सम्पादकीय

एक बार फिर सड़क की राजनीति पर उतरे दल

देश में एक बार फिर सत्ता पक्ष और विपक्षी दल सड़क पर सियासी जंग लड़ने उतर आए हैं। रविवार का दिन राजनीतिक सरगर्मी से भरा रहा। कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली कर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर हमला बोला। वहीं, भाजपा ने इसके जवाब में देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च निकाले। दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मोर्चा संभाला तो हरियाणा के रोहतक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पदयात्रा का नेतृत्व किया। भाजपा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने 1984 के सिख विरोधी दंगों की बरसी के दिन रामलीला मैदान में रैली आयोजित कर पीड़ित परिवारों की भावनाओं की अनदेखी की है। भाजपा के मार्च में दंगा पीड़ित परिवारों और सिख समुदाय के लोगों की भागीदारी भी इसी मुद्दे को रेखांकित करने के लिए थी। वहीं, नितिन नवीन ने रोहतक में कांग्रेस पर वोट चोरी को अपनी विरासत बनाने का आरोप लगाया और राहुल गांधी को विदेशी ताकतों की टूलकिट बनकर काम करने वाला बताया। जेपी नड्डा ने भी कांग्रेस पर सिख विरोधी हिंसा के पीड़ितों को भुलाकर राजनीति करने का आरोप लगाया। दूसरी ओर राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने और जेल भेजने की चेतावनी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर भी उन्होंने तीखी टिप्पणी की। इस तरह पूरे दिन दोनों खेमों के बीच राजनीतिक तल्खी और आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा। विपक्ष का काम केवल सरकार का विरोध करना नहीं, बल्कि जनता के सवालों को मजबूती से उठाना और सरकार को जवाबदेह बनाना भी है। अब सवाल यह है कि क्या जिम्मेदारी केवल हंगामे, नारेबाजी और सड़क पर शक्ति प्रदर्शन से ही पूरी हो सकती है। कोई सीजेपी जैसी नई पार्टी ऐसा करे तो समझ आता है, लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस से अधिक परिपक्व राजनीतिक आचरण की अपेक्षा स्वाभाविक है। 18वीं लोकसभा में इंडिया गठबंधन के करीब 240 सांसद हैं। इतनी बड़ी संसदीय ताकत का उपयोग सदन में महंगाई, बेरोजगारी, किसानों, शिक्षा और चुनावी पारदर्शिता जैसे गंभीर मुद्दों पर सार्थक बहस के लिए होना चाहिए। संसद के बाहर प्रतीकात्मक कार्यवाही करने के बजाय विपक्ष को तथ्यों और प्रमाणों के साथ सदन में सरकार को घेरना चाहिए। लोकतंत्र का मजाक नहीं, जवाबदेही तय करना विपक्ष की असली जिम्मेदारी है। वहीं, सत्ता पक्ष भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। संसद में विपक्ष को पर्याप्त अवसर देना, उसके सवालों का तथ्यात्मक जवाब देना और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार रहना सरकार का दायित्व है। संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता बनाए रखना सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के हित में है। विपक्ष को भी संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों के खिलाफ धमकी भरी भाषा के बजाय निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का सम्मान करना चाहिए। यह समझना होगा कि संसद देश की जनता की आकांक्षाओं, अपेक्षाओं और समस्याओं पर चर्चा का सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है। सदन में कामकाज बाधित करने से जितना नुकसान विपक्ष की भूमिका को होता है, उतनी ही जवाबदेही सरकार की भी बनती है, यदि वह चर्चा और संवाद के रास्ते बंद करती है। दोनों पक्षों को अपनी राजनीतिक सुविधा से ऊपर उठकर संसदीय परंपराओं का सम्मान करना होगा।



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

दवा कंपनियों पर लगाम की तैयारी

दवा उत्पादक फार्मेसियों की अनैतिक मार्केटिंग पर सर्वोच्च न्यायालय कड़ी निगरानी रखने के उपाय को उत्सुक नजर आ रहा है। न्यायालय द्वारा दिए एक आदेश के बाद केंद्र सरकार ने फार्मा कंपनियों की कारोबारी गतिविधियों और तौर-तरीकों की समीक्षा और निगरानी के लिए नीति आयोग के सदस्य डॉ. एम श्रीनिवास की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी है। यह समिति कंपनियों द्वारा दवा के अनैतिक कारोबार को बढ़ावा देने वाले उपायों की असरकारी समीक्षा करेगी। साथ ही निगरानी तंत्र को पुख्ता बनाने के लिए सिफारिशें भी करेगी। इन उपायों में चिकित्सकों को दिए जाने वाले प्रलोभनों की भी समीक्षा होगी। अदालत में इसी परिप्रेक्ष्य में 'फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया' की एक याचिका भी लंबित है। इसमें अनुरोध किया है कि प्रभावी कानून बनने तक फार्मा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर नियंत्रण और नियमन के लिए दिशा-निर्देश तय कर दिए जाएं? क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में बड़ी असामानता है।

इसके तहत ऐसे प्रलोभन स्वीकार करने वाले चिकित्सकों के लिए कार्यवाही का प्रावधान तो है, लेकिन उन्हें प्रलोभन देने वाली दवा कंपनियों को नियंत्रित या दंडित करने के लिए समान वैधानिक व्यवस्था नहीं है। अतएव कंपनियां अपने उत्पादों के प्रचार के लिए चिकित्सकों को महंगे उपहार और सेमिनार के बहाने देश-विदेश की पंचतारा हवाई यात्राएं अपने खर्चे पर कराती हैं। अततः इसका असर रोगी पर पड़ता है और वे महंगी दवाएं खरीदने के लिए लाचार बने रहते हैं। इस समिति की रिपोर्ट दो माह के भीतर आनी है। कुछ समय पहले कंपनी मामलों के मंत्रालय की एक सर्वे रिपोर्ट ने सरकार को आगाह किया था कि दवाएं आम आदमी की पहुंच से जानबूझकर बाहर की जा रही हैं। इस रिपोर्ट ने तय किया कि दवाओं की महंगाई का कारण दवा में लगने वाली सामग्री का महंगा होना नहीं है, बल्कि दवा कंपनियों का मुनाफे की हवस में बदल जाना है। इस लालच के चलते कंपनियां राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के नियमों का भी पालन नहीं करती हैं। इसके मुताबिक दवाओं की कीमत लागत से मात्र सौ गुनी ज्यादा रख सकते हैं। लेकिन दवाओं की कीमत 1023 फीसदी तक ज्यादा वसूली जा रही है। ग्लैक्सोस्मिथलाईन, फाइजर, रैनबैक्सी, डॉ रेड्डी लैब्स और एलेमबिक जैसी नामी-गिरामी दवा कंपनियां भी दो सौ से पांच सौ गुना ज्यादा कीमत अपने दवा उत्पादों की रख रही हैं। दवा कंपनियों से जुड़ी एक विडंबना यह भी देखने में आती है कि दवा कंपनियों ने सरकार द्वारा दी उत्पाद शुल्क में छूट का लाभ तो पूरा लिया, लेकिन दवाओं की कीमतों में कटौती नहीं की। इस तरह से सरकार और ग्राहकों को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। इंसान की जीवन-रक्षा से जुड़ा दवा करोबार देश में तेजी से मुनाफे की अमानवीय व अनैतिक हवस में बदलता जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए महंगी और गैर जरूरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा हो गया है। बेमतलब की अनेक जांचें भी केवल मुनाफे के लिए कराई जा रही हैं। ज्यादातर डॉक्टर पर्चे में वहीं दवा लिखते हैं, जो उन्हें



दवा कंपनियों के एमआर समझाते हैं और कमीशन के साथ उपहार देते हैं। जबकि चिकित्सा का पेशा जीवन रक्षा का धंधा है। वह मनुष्यता की संवेदना और मर्म की सुरक्षा का नैतिक व्यवसाय है। एक लाचार मरीज चिकित्सक के पास स्वास्थ्य लाभ लेने की उम्मीद से जाता है, न कि दवा उद्योग के लालच को बढ़ावा देने की दृष्टि से? किंतु पैसा कमाने की अनैतिक होड़ का ही परिणाम है कि रोगी अब चिकित्सक को धरती का भगवान मानने से मुकर रहा है। इसी संदर्भ में इस याचिका से जुड़े न्यायामूर्ति संदीप मेहता को कहना पड़ा था कि मामला एक माह पहले का ही है।

एक दवा डीलर की पत्नी का इलाज हो रहा था। कीमो में काम आने वाला इंजेक्शन 11 हजार रुपये का था। लेकिन निजी अस्पताल में 1.30 लाख रुपये में दिया जा रहा था। दवा डीलर ने अस्पताल से निवेदन किया कि इंजेक्शन बाहर से लाने दें, लेकिन मना कर दिया। इसी याचिका की सुनवाई के दौरान अदालत ने कैंसर की 2700 रुपये की एक दवा को 27 हजार में बेचे जाने पर 'डकैती' की संज्ञा दी थी। ऐसी डकैती की कीमत आम मरीज चुका रहे हैं। फार्मा कंपनियां किसी बाध्यकारी कानून को अमल में लाने में भी रोड़ा अटकाने का काम करती हैं। क्योंकि ये अपना कारोबार विज्ञापनों व चिकित्सकों को मुनाफा देकर ही फैलाये हुए हैं। चूंकि दवा का निर्माण एक विशेष तकनीक के तहत किया जाता है और रोग व दवा विशेषज्ञ चिकित्सक ही पर्चे पर एक निश्चित दवा लेने को कहते हैं।

दरअसल इस तथ्य की पृष्ठभूमि में यह मकसद अंतर्निहित है कि रोगी और उसके अभिभावक दवाओं में विलय रसायनों के असर व अनुपात से अनभिज्ञ होते हैं, इसलिए वे दवा अपनी मर्जी से नहीं ले सकते। इस कारण चिकित्सक की लिखी दवा लेना जरूरी होती है। लिहाजा चिकित्सक मरीज की इस लाचारी का लाभ पूरे देश में धड़ल्ले से उठा रहे हैं। एंटीबायोटिक दवाओं ने जहां अनेक संक्रामक रोगों से मानव जाति को बचाया, वहीं दुष्परिणाम स्वरूप शरीर की प्रतिरोधात्मक शक्ति को कमजोर भी किया। जिस तरह मानव शरीर विभिन्न प्राकृतिक तापमान, वायुमंडल व भौगोलिक परिस्थिति और पर्यावरण के अनुकूल अपने को ढाल लेता है, उसी तरह हमारे धरती पर अस्तित्व के समय से ही सूक्ष्मजीव और उनके विरुद्ध शरीर की प्राकृतिक प्रतिरोधात्मक शक्ति का भी परिवर्तित विकास होता रहा है। कुदरत का कमाल देखिए, एंटीबायोटिक दवाओं ने दोनों के बीच के संतुलन को गड़बड़ा दिया, लिहाजा एंटीबायोटिक दवाएं जब-जब सूक्ष्मजीवों पर मारक साबित हुई, तब-तब जीवाणु और वीषाणुओं ने अपने को ओर ज्यादा शक्तिशाली बना लिया। गोया, महाजीवाणु कभी नष्ट नहीं होने वाले रक्तबीजों की श्रेणी में आ गए हैं। इसलिए आज वैज्ञानिकों को कहना पड़ रहा है कि एंटीबायोटिक दवाओं की मात्रा पर अंकुश लगना चाहिए।

दवा कंपनियों की मुनाफे की हवस और चिकित्सकों का बढ़ता लालच, इसमें बाधा बने हुए हैं। चिकित्सक सर्दी-जुकाम और पेट के साधारण रोगों तक के लिए बड़ी मात्रा में एंटीबायोटिक दवाएं दे देते हैं। ऐलोपैथी चिकित्सा पद्धति के मुनाफाखोरों ने प्रायोजित शोधों के मार्फत आयुर्वेद, यूनानी, प्राकृतिक चिकित्सा और होम्योपैथी को अवैज्ञानिक कहकर हाशिए पर डालने का काम भी शड्यंत्रपूर्वक किया है। बावजूद सूक्ष्मजीव कायांतरण के नए-नए रूपों में सामने आना शुरू हो गए हैं, तब से एंटीबायोटिक दवाओं की सीमा रेखांकित जरूर की जाने लगी है, किंतु मुनाफे की हवस इस मर्यादा को लांघ जाने का उपक्रम करती ही रहती है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

रिपोर्ट
डॉ. मोनिका शर्मा



देश के छोटे शहरों में बढ़ रही खुशहाली

ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस की ताजा रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में शहरों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में बसे लोगों की निजी संपत्ति तेजी से बढ़ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के टियर-2, टियर-3 शहरों और ग्रामीण इलाकों में निजी संपत्ति संग संपन्न लोगों का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ रहा है। एक समय छोटे-बड़े शहरों, महानगरों और ग्रामीण इलाकों की जीवनशैली में काफी अंतर हुआ करता था। सुविधाओं की उपलब्धता और आर्थिक स्थिति के मामले में बड़े शहर हमेशा से आगे रहे हैं। ऐसे में आर्थिक बेहतरी से जुड़े मोर्चे पर आ रहा यह बदलाव रेखांकित करने योग्य है। आर्थिक समृद्धि का मेट्रो शहरों से निकलकर देश के छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों तक विस्तार पाना बहुत से पक्षों पर सकारात्मक परिवर्तन की बानगी है। पीपल रिसर्च ऑन इंडियाज कंज्यूमर इकोनॉमी के आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तिगत संपत्ति की बढ़ोतरी की दर 11 प्रतिशत और बड़े शहरों में 8 प्रतिशत है। ध्यातव्य है कि आबादी के आंकड़े में भारत आज दुनिया में पहले स्थान पर है। 1.43 से 1.46 अरब की जनसंख्या बड़े शहरों से लेकर गांवों-कस्बों तक निवास करती है। हमारे यहां अलग-अलग क्षेत्रों के अनुसार सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता ही नहीं आर्थिक मोर्चे पर भी विषमता भी रही है। यही वजह है कि संपन्नता का यह विस्तार गांव-शहर के फर्क को पाटने वाला है। समाज में आर्थिक समानता को बल देने वाला है। आमजन को बेहतर जीवनशैली की ओर प्रवृत्त करने वाला है। यह रिपोर्ट भी बताती है कि वर्ष 2025 में ग्रामीण केंद्रित कंपनियों ने 30 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया है। छोटे शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों ने न केवल दोपहिया वाहन और ट्रैक्टरों की बिक्री के मामले में शहरों को पीछे छोड़ दिया बल्कि रोजाना उपयोग के सामान और प्रीमियम गाड़ियों की मांग भी मजबूत बनी हुई है। असल में कृषि में आधुनिकीकरण और बेहतर मूल्य मिलने के साथ ही गैर-कृषि आय में भी वृद्धि हुई है। उपभोग के पैटर्न में आए परिवर्तन से दूर-दराज के इलाकों में भी ब्रांडेड और प्रीमियम उत्पादों की मांग में तेजी से इजाफा हुआ है। यह स्थिति ग्रामीण उपभोक्ताओं की आय और खर्च करने की क्षमता में आए अहम बदलाव को सामने रखती है। इन क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती क्रय शक्ति देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी बहुत से महत्वपूर्ण और सकारात्मक पहलू लिए है। स्पष्ट है कि आर्थिक सम्पन्नता की बढ़ती परिधि दूर-दराज के इलाकों में विकास को गति देने वाला रुझान है। डेटा एनालिटिक्स फर्म प्रॉपइक्विटी की रिपोर्ट के अनुसार 2023-24 में टियर 2 शहरों में हाउसिंग बिक्री 11 प्रतिशत बढ़ी है। यह आंकड़ा आर्थिक विकास और बुनियादी ढांचे की बेहतरी से भी जुड़ा है। बीते कुछ बरसों में ग्रामीण विकास पर खर्च में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। गांवों में बहुत सी रोजगार और आजीविका योजनाओं और छोटे शहरों में स्मार्ट सिटी योजना, बेहतर यातायात सुविधा और डिजिटल कनेक्टिविटी इस बदलाव एक पीछे हैं। इससे लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है। वर्ल्ड बैंक की एक नई रिपोर्ट में भी साल 2011 से 2023 के बीच भारत में करीब 49.6 करोड़ लोगों के गरीबी से बाहर आने की बात कही गई है। एक दशक के ज्यादा की इस समयावधि में गरीब जनसंख्या के अनुपात में तेजी से गिरावट आई है। समझना आवश्यक है कि विश्व बैंक की इस रिपोर्ट में भी खपत में बढ़ोतरी, रोजगार के नए अवसर और सरकारी योजनाओं के माध्यम से मिलने वाली सहायता को इस बदलाव का अहम कारण बताया गया है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में विशेष रूप से महिलाओं में रोजगार की बढ़ोतरी से परिवर्तन आने की बात भी शामिल है। 2017 से 2023 के बीच, रोजगार में लगभग 13.4 करोड़ लोगों की वृद्धि दर्ज की गई है। यह आंकड़ा कामकाजी उम्र की आबादी में हुई वृद्धि का लगभग दोगुना है। असल में इस बढ़ोतरी का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण महिलाओं को मिले वेतन वाले रोजगार से आया है, जिसके चलते प्रति परिवार में कमाने वालों का आंकड़ा भी बढ़ा है। समझना कठिन नहीं कि भारतीय महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ना सीधे-सीधे बचत में बढ़ोतरी होने और बेहतर जीवनशैली को बल देने से जुड़ा कारक है। रोजगार में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से परिवारों की कमाई को मिला सहारा बाजारों में खरीद भी बढ़ाता है। नतीजतन, गांवों-कस्बों और छोटे शहरों में बढ़ती क्रयशक्ति से आर्थिक समृद्धि भी बढ़ती दिख रही है। ऐसे में छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में ग्राहकों की संख्या में हुआ इजाफा व्यावसायिक गतिविधियों को भी विस्तार देगा। लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। देश में आर्थिक समृद्धि का बदलता मानचित्र व्यावहारिक धरातल पर जीवन से जुड़े हालातों के बदलने की बानगी भी है।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

क्षमा करें और भूल जाएं



जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो।



संकलित
दर्शन

परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है।

गणेश विनायक जी की कथा



एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी माँ से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। मां ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घंटी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की



संकलित
प्रेरणा

मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि माँगो तुम क्या मांगती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या मांगू? अन्न मांगू या धन मांगू या अपने लिए अच्छा वर मांगू या खेत मांगू या महल मांगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुँची तो माँ ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

अंतर्मन

मॉक का सौदागर



आज की पाती

एकता के मंत्र पर अमल करना भी जरूरी

भारत में बहुत से महापुरुष हुए। इन महापुरुषों ने भारत को ही नहीं, बल्कि दुनिया को अच्छे मार्ग पर ले जाने के लिए बहुत से काम किए और दुनिया के लिए प्रेरक बने। इन्हीं महापुरुषों में से एक थे सरदार वल्लभभाई पटेल, जिनका जन्मदिन एकता की भावना को बढ़ाने के रूप में भी मनाया जाता है, जोकि 31 अक्टूबर को होता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को आजाद करवाने के साथ-साथ देश की एकता को मजबूत करने में मुख्य भूमिका निभाई थी। इन्होंने किसानों को उनका हक अंग्रेजों से दिलाने के लिए काम किए थे। सरदार वल्लभ भाई पटेल को आज भी जिस मुख्य कार्य के लिए याद किया जाता है वो है देसी रियासतों का एकीकरण। आज भारत को उनके विचारों को कार्यरूप देने की जरूरत है। - डिंपल चौधरी, सोनीपत

ट्रेंड

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन



बेहतर रेल कनेक्टिविटी की दिशा में एक और कदम, और वह भी तकनीक और नवाचार के शहर बेंगलुरु से! वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, बेंगलुरु और मुंबई के बीच कनेक्टिविटी के लिए एक गेम चेंजर साबित होगी। - नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

सिख नरसंहार



1 नवंबर को दिल्ली की धरती 1984 के सिख नरसंहार के निर्दोष पीड़ितों को याद करती है, जबकि उसी दिन राहुल गांधी की कांग्रेस 'लोकतंत्र बचाने' का ढोंग रच रही है। शर्मनाक! कांग्रेस के माथे पर 1984 का कलंक लगा है। इसे राहुल गांधी के 'लोकतंत्र बचाने' के नारों से नहीं धोया जा सकता। - रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

लोकतंत्र का मजाक



विपक्ष के नेता राहुल गांधी की राजनीति अब केवल झूठे नैरेटिव गढ़ने, संवैधानिक संस्थाओं पर हमले करने तक सिमट कर रह गई है। संसद में भ्रामक दावे करने वाले कांग्रेस के 'युवराज' ने आज अपनी 'नकली संसद' में भी लोकतंत्र का मजाक उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। - धर्मेंद्र प्रधान, सांसद, भाजपा

संजय का बेवक्त जाना



बहुत जल्दी चले गए संजय गुप्ता। उनके भीतर अभी बहुत सारा सिनेमा बाकी था, उनके सामने अभी कई साल और कई कहानियाँ थीं। सच में दिल तोड़ने वाला है... उनके परिवार को हिम्मत और शांति मिले। - अजय देवगण, फिल्म अभिनेता

करंट अफेयर

बाइनेंस से चोरी के लिए उत्तर कोरिया जिम्मेदार: एफबीआई

अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने कहा है कि दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी चोरी की घटना को उत्तर कोरिया के हैकर्स ने अंजाम दिया जिसमें कुछ ही मिनट के भीतर बाइनेंस से अरबों डॉलर की डिजिटल मुद्रा चोरी कर ली गई। एफबीआई ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि इस सप्ताह हुआ साइबर हमला 'ट्रेडरट्रेटर' नामक समूह की दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों से जुड़ा है। उसने कहा कि इसी समूह ने पिछले साल बायबिट पर 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर की साइबर चोरी को भी अंजाम दिया था। एफबीआई ने क्रिप्टो एक्सचेंज, ब्लॉकचेन विश्लेषण कंपनियों और अन्य संबंधित पक्षों से विभिन्न डिजिटल वॉलेट पतों से जुड़े लेनदेन रोकने का आग्रह किया है, ताकि चोरी की गई रकम को उसके स्रोत को छिपाने के लिए अवैध रूप से इधर-उधर न किया जा सके। एजेंसी ने कहा कि उसकी जांच में पता चला है कि ट्रेडरट्रेटर चोरी की गई डिजिटल संपत्तियों को मुख्य रूप से इथेरियम नामक क्रिप्टोकरेंसी में बदल रहा है। एफबीआई को आशंका है कि हैकर अब विकेंद्रीकृत वित्त (डीफाई) मंचों और 'इंस्टेंट स्वैप सर्विसेज' के जरिये इन संपत्तियों को दूसरी क्रिप्टोकरेंसी में बदलने का प्रयास करेंगे।



ऑफ बीट

रात में अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए

बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है। गहरी नींद में जाने से पहले और सपनों की दुनिया (रैपिड आई मूवमेंट-आरईएम) में खोने से पहले हम रात में हल्की नींद से शुरुआत करते हैं। यदि हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हम अपनी अधिकांश गहरी नींद रात के पहले भाग में पूरी कर लेते है और रात के दूसरे भाग में हमें सपने आने लगते हैं। वयस्क आमतौर पर रात में पांच या छह नींद के चक्रों से गुजरते हैं और प्रत्येक चरण के अंत में थोड़ी देर के लिए जागना पूरी तरह सामान्य है। इसका मतलब है कि हम रात में पांच बार जाग सकते हैं। यह बढ़ती उम्र के साथ बढ़ सकता है और हम फिर भी स्वस्थ रह सकते हैं।



ब्राह्मण सम्मेलन में हंगामा, डिप्टी सीएम केशव मौर्य को बोलने से टोका

प्रयागराज , प्रबुद्ध ब्राह्मण सम्मेलन में डिप्टी सीएम केशव मौर्य के भाषण के दौरान हंगामा हो गया। केशव सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, तभी दो युवकों ने हाथ उठाकर कहा- केशवजी, यूजीसी पर भी कुछ कहिए। इस पर डिप्टी सीएम नाराज हो गए। उन्होंने कहा- चुप रहो, चलो। मैं सब कुछ बोलूंगा। मैं कोई चीज बोलने से कभी नहीं रुकता हूं। पुलिस ने इसके बाद दोनों युवकों को पकड़ लिया। भाजपा पार्षद विनय मिश्रा ने एक युवक को थप्पड़ मार दिया। विवाद बढ़ता देख पुलिस दोनों युवकों को सभास्थल से बाहर ले गई। घटना रविवार को परेड ग्राउंड में हुई। सोमवार को इसका वीडियो सामने आया। यह सम्मेलन राष्ट्रीय परशुराम सेना (ब्रह्म वाहिनी) ने किया था। युवकों की पहचान रोहित तिवारी और अंकित पांडे के रूप में हुई है। दोनों प्रयागराज में कोरांव के रहने वाले हैं। वीडियो में दिख रहा है कि केशव मौर्य भाषण में संगम पर होने वाले माघ मेले की तैयारियों को लेकर सरकार की उपलब्धियां गिना रहे थे। इसी दौरान मंच के करीब 2 युवकों ने हाथ उठाया। उन्होंने कहा- केशव जी, यूजीसी के बारे में भी कुछ बोलेंगे? पुलिसकर्मियों ने दोनों युवकों को बोलने से रोका, लेकिन वो नहीं माने। जोर-जोर से यूजीसी के मुद्दे पर बोलने की मांग करने लगे। इस दौरान अल्लापुर के पार्षद विनय मिश्रा ने दोनों युवकों से पूछा कि सवाल क्यों कर रहे हो? एक युवक ने जवाब दिया- मैं भाजपा में हूं। मैं उनसे अभी सवाल नहीं करूंगा, तो कब करूंगा? इसी बीच पार्षद विनय मिश्रा ने एक युवक को थप्पड़ जड़ दिया। डिप्टी सीएम से सवाल करने वाले रोहित तिवारी ने वीडियो जारी कर कहा- प्रयागराज में प्रबुद्ध महाकुंभ का आयोजन हुआ था। बड़े भैया विमल तिवारी ने यह कार्यक्रम कराया था। केशव प्रसाद मौर्य भाषण में भाजपा, सपा और कांग्रेस की बातें कर रहे थे। मैंने उनसे कहा कि केशवजी, यह समाज, मंच और आयोजन हमारा है। इसलिए आप हमारे समाज के बारे में बोलिए। हम यहां भाजपा, सपा और कांग्रेस की बातें सुनने नहीं आए हैं। हम यह जानने आए हैं कि हमारे लिए आपका क्या विजन है? आपकी सरकार हमारे बारे में क्या सोचती है और क्या करना चाहती है? मैंने उनसे सिर्फ अपने समाज के बारे में बोलने को कहा था। इसके बाद 40-50 पुलिसवाले मुझे पकड़ने आ गए और चारों तरफ से घेर लिया।

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०
रा०प्र०क्र०- /अ-6/2026-27
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अभिषेक सिंह आ०स्व० प्रमेन्द्र कुमार सिंह, उम्र 41 वर्ष जाति राजपुत, निवासी स्कूल रोड़ ठनगनपारा अम्बिकापुर जिला सरगुजा के द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदक के पिता प्रमेन्द्र कुमार सिंह के स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अ०पुर, मोहल्ला स्कूल रोड़ शीट नं. 03 स्थित नजूल भूमि प्लॉट नंबर 1444/9, 1444/14 रकबा क्रमशः 20७25, 25७50 वर्गफीट भूमि स्थित है। आवेदक के पिता की मृत्यु दिनांक 20.12.2024 को हो गई है, जिस कारण आवेदक द्वारा उक्त आवेदित भूमि के नजूल अभिलेख से अपने पिता का नाम विलोपित करते हुये फौति नामांतरण के आधार पर स्वयं का नाम दर्ज किये जाने हेतु दस्तावेज सहित आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109, 110 छ०ग० भू-राजस्व संहित के तहत पेश किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 20/11/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक- 30/10/2026 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
रा०प्र०क्र०/ब-121/2026-27
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक बृज कुमार सिंह आ० स्व. दीप नारायण सिंह एवं बालकुमुंद वर्मा आ0 स्व0 व्ही एन वर्मा निवासी देवीगंज रोड, अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा शीट नम्बर 02 मोहल्ला खुटनपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित प्लाट नम्बर 415/3, 416, 417/2, 413/2 , 414/2, 409/5 रकबा 0.021/2, 0.02, 0.011/2, 0.03, 0.011/4, 0.011/2 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित नक्शानुसार अनुसार भू-तल पर रकबा 148. 46 वर्गमीटर, प्रथम तल पर रकबा 143.22 वर्गमीटर पर आवासीय भवन निर्माण कराने हेतु आवेदन पत्र मय मेन्टेनेन्स खसरा एवं प्रस्तावित ब्लूप्रिंट नक्शा की प्रति सहित आवेदन पत्र प्रभारी अधिकारी, भवन अनुज्ञा शाखा अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० में प्रस्तुत किया है जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 12.11.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 28.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
रा०प्र०क०/ब-121/2026-27
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है. कि आवेदक रीता सिंह पति रमेन्द्र कुमार सिंह, निवासी स्कूल रोड़, ठनगनपारा, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा शीट नम्बर 03 मोहल्ला ठनगनपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित प्लाट नम्बर 1444/8 रकबा 2391 वर्गफीट भूमि पर प्रस्तावित नक्शानुसार अनुसार भू-तल पर रकबा 151.09 वर्गमीटर, प्रथम तल पर रकबा 151.09 वर्गमीटर, द्वितीय तल पर रकबा 151.09 वर्गमीटर पर व्यावसायिक एवं आवासीय भवन निर्माण कराने हेतु आवेदन पत्र मय मेन्टेनेन्स खसरा एवं प्रस्तावित ब्लूप्रिंट नक्शा की प्रति सहित आवेदन पत्र न्यायालय अपर कलेक्टर, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० ने प्रस्तुत किया है जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त सबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 11.11.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांक-27.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
रा०प्र०क्र०-/ब-121/2026-27
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक अमित कुमार मिश्रा आ. नित्यानंद मिश्रा, निवासी शीतला वार्ड, सत्तीपारा, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा शीट नम्बर 09 मोहल्ला बाबूपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित प्लाट नम्बर 3467/4866/112 रकबा 180 वर्गफीट भूमि पर प्रस्तावित नक्शानुसार अनुसार भू-तल पर रकबा 78.50 वर्गमीटर, प्रथम तल पर रकबा 74.64 वर्गमीटर, द्वितीय तल पर रकबा 74.64 वर्गमीटर पर आवासीय भवन निर्माण कराने हेतु आवेदन पत्र मय मेन्टेनेन्स खसरा एवं प्रस्तावित ब्लूप्रिंट नक्शा की प्रति सहित आवेदन पत्र न्यायालय अपर कलेक्टर, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० में प्रस्तुत किया है जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 11.11.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः-27.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०
रा०प्र०क्र०-/अ-6/2026-27
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण आलोक कुमार गर्ग, योगेश कुमार अग्रवाल, पंकज गर्ग, शैलेन्द्र कुमार गर्ग आ० आनंद प्रकाश अग्रवाल, जाति- अग्रवाल, निवासी दत्ता कॉलोनी, था०तह० अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा के द्वारा इस आशय का आवेदन पेश किया गया है, कि आवेदकगण के पिता स्व. आनंद प्रकाश आ० श्याम सुन्दर अग्रवाल के स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर, मोहल्ला राम मंदिर मैदान, शीट नं. 11क स्थित नजूल भूमि प्लॉट नं. 3196/4813/40 रकबा 1500 वर्गफीट भूमि है। भूधारक आनंद प्रकाश अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 04.10.2026 को हो गई है। तद्धपरांत आवेदकगण द्वारा उक्त आवेदित भूमि से अपने पिता आनंद प्रकाश अग्रवाल का नाम विलोपित करते हुये स्वयं के नाम से फौति नामांतरण किये जाने हेतु आवेदकगण द्वारा अपने पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति मय दस्तावेज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25/11/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 03/11/2026 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०
रा०प्र०क्र०-/अ-6/2026-27
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नागेश मिश्रा आ.स्व. कैलाश नाथ मिश्रा, निवासी मिश्रा कॉलोनी भट्ठी रोड़, था०तह० अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा के द्वारा इस आशय का आवेदन पेश किया गया है, कि आवेदक के पिता स्व. कैलाश नाथ मिश्र आ० रामजन मिश्रा के स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर, शीट नं. 03 स्थित नजूल भूमि प्लॉट नं. 1271, 1272/1, 1275/2, 1277 रकबा क्रमशः 0.03, 0.07, 0.20, 0.59 एकड़ भूमि है। भूधारक कैलाश नाथ मिश्र की मृत्यु दिनांक 21.02.2026 को हो गई है। तद्धपरांत आवेदक द्वारा उक्त आवेदित भूमि से अपने पिता स्व. कैलाश नाथ मिश्र का नाम विलोपित करते हुये स्वयं के नाम से फौति नामांतरण किये जाने हेतु आवेदक द्वारा अपने पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति मय दस्तावेज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 19/11/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक-3/11/2026 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर
जिला सरगुजा छ०ग०
रा०प्र०क्र०-/अ-6/2026-27
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्रीमती मंजूला सिन्हा पत्नि स्व. लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा, संजीव सिन्हा, संदिप सिन्हा, सचिन सिन्हा आ.स्व. लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा. सभी निवासी मायापुर था०तह० अम्बिकापुर जिला-सरगुजा के द्वारा इस आशय का आवेदन पेश किया गया है कि आवेदकगण के पति / पिता लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा के स्वामित्व द अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर, मोहल्ला मायापुर स्थित नजूल भूमि प्लॉट नं. 1657 1658/1 रकबा क्रमशः 0.04 0.37 1/2 एकड भूमि है। लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा की मृत्यु दिनांक 04.06.2014 को हो गई है। तदउपरांत आवेदकगण द्वारा उक्त आवेदित भूमि से अपने पति / पिता लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा का नाम विलोपित करते हये स्वयं के नाम से फौति नामांतरण किये जाने हेतु अपने लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा की मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति मय दस्तावेज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-19/11/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक-03/11/2026 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर जिला
सरगुजा छ०ग०
रा०प्र०क्र०-/अ-6/2026-27
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संजीव सिन्हा आ स्व. लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा, उम्र 58 वर्ष, निवासी मायापुर था०तह० अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा के क्रमशः 0.03 3/4, 0.03 1/4 एकड भूमि के नजूल अभिलेख में त्रुटिवश अनावेदक संदिप सिन्हा आ.स्व. द्वारा नगर अम्बिकापुर, मोहल्ला- मायापुर स्थित नजूल भूमि प्लॉट नं. 1655/10, 1658/6 रकबा विलोपित करते हुये स्वयं का नाम दर्ज किये जाने हेतु की छायाप्रति मय दस्तावेज सहित आवेदन लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा का नाम दर्ज हो जाने के कारण उक्त आवेदित भूमि से अनावेदक का नाम पत्र अन्तर्गत धारा 114, 115 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनाक 19/11/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक- 03/11/2026 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क. 15 दिनांक 10.11.2026, स.क्र. 03, सं.क्र. 14 दिनांक 20.11.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 16.11.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

स.क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक / दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
1	202868 द्वितीय आमंत्रण 28.10.2026	जिला कबीरधाम के सैगोना से समनापुर मार्ग पर सकरी नदी पर जलमग्नीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	435.80
2	202869 द्वितीय आमंत्रण 28.10.2026	जिला रायपुर के नवीन शासकीय आई.टी.आई. बंगोली (खरोरा) विकासखंड तिल्दा में महाविद्यालय भवन, 50 सीटर छात्रावास भवन एवं एफ टाईप क्वार्टर का निर्माण कार्य, वॉटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित ।	521.50
3	202923 प्रथम आमंत्रण 28.10.2026	जिला रायपुर के आरंग नगर स्थित शासकीय बद्रीप्रसाद लोधी महाविद्यालय में 300 सीटर ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य, वॉटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित।	671.25
4	202878 द्वितीय आमंत्रण 28.10.2026	जिला रायपुर के चकवे से परसदा मार्ग लंबाई –2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य, पुल –पुलिया सहित ।	269.46
5	202880 द्वितीय आमंत्रण 28.10.2026	जिला राजनांदगांव के बाकल से भंवरमरा मार्ग में शिवनाथ नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	878.86
6	202889 द्वितीय आमंत्रण 28.10.2026	जिला कबीरधाम के ग्राम पांडातराई से फास्टरपुर मार्ग लंबाई 26.20 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	3200.38
7	202891 द्वितीय आमंत्रण 28.10.2026	जिला धमतरी के अंतर्गत नगरी– जबर्रा मार्ग के काजल (कलस) नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	622.00
8	202895 द्वितीय आमंत्रण 28.10.2026	जिला रायपुर के कचना में 209 जी.ए.डी. आवास कैम्पस में जी टाईप आवासगृह, बाउण्ड्रीवॉल इत्यादि निर्माण कार्य, विद्युतीकरण सहित।	784.72
9	203078 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026	जिला बेमेतरा के देवकर घोठा जालबांधा (एम.डी.आर.) मार्ग लंबाई 12.40 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य।	580.45
10	203079 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026	जिला धमतरी के केरेगांव गट्टासिल्ली मार्ग के कि.मी. 4/10 पर सेन्दुर नदी में उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	896.22
11	203080 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026	जिला कोरिया के केन्दई बरदर बैकुण्ठपुर सोनहत रामगढ़ म.प्र. सीमा मार्ग लं. 20.46 कि.मी. का मजबूतीकरण निर्माण कार्य।	1529.38
12	203081 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026	जगदलपुर केन्द्रीय जेल में 06 नग बैरक (फैक्ट्री बैरक (जी.एफ./एफ. एफ. एण्ड II एफ. हाईसेल बैरक) (शेष कार्य) विद्युतीकरण सहित।	241.19
13	203082 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026	जमा मद अंतर्गत जिला –सुकमा के कुन्ना मिचवार मार्ग के कि.मी. 5/6 फुल नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	678.62
14	203083 प्रथम आमंत्रण 30.10.2026	सरगांव पथरिया मार्ग के कि.मी. 1/2 से 5/10 , 7/2 से 7/10 , 11/2 से 12/10 एवं 14/2 = 9.00 कि.मी. मजबूतीकरण का निर्माण कार्य।	578.30
15	203084 6वां आमंत्रण 30.10.2026	जिला बालोद के टटेंगा भरदा मोहंदीपाट मार्ग लंबाई 3.30 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	424.23
16	203162 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026	जिला मुंगेली के ग्राम पंचायत बघनीभांवर से बघर्रा पहुंच मार्ग लंबाई 1.475 कि.मी. का निर्माण कार्य।	246.86
17	203166 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026	जिला बालोद के उमरादाह से निपानी मार्ग लंबाई 12.00 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	304.29
18	203169 द्वितीय आमंत्रण 30.10.2026	बरमकेला में शासकीय महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य, वा.स.से. फि. एवं विद्युतीकरण, बाउण्ड्रीवाल एवं पहुंच मार्ग का कार्य,जमा मद।	463.22

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी 262704384/2

अपराध नियंत्रण पर प्रशासन नाकाम फिर अज्ञात चोर ने उड़ाऐ 280000 रुपए

जहानाबाद, फतेहपुर , जनपद के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के कड़े दिशा निर्देशों के बाद भी अपराध पर नियंत्रण करना अनेक स्थानों में प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर बन गया है ताजा मामला जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बे के लालूगंज बाजार का सामने आया जहां एक व्यापारी की स्कूटी से अज्ञात चोर 280000 रुपए भरा थैला लेकर रफू चक्कर हो गया मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के बस स्टैंड के पास एक परचून की दुकान के संचालक कारोबारी व्यापारी अनिल गुप्ता दुकान से पैसे लेकर भारतीय स्टेट बैंक में जमा करने के लिए गए थैले में दो लाख 80 हजार रुपए लेकर व्यापारी ने अपने स्कूटी में रखा और बैंक की तरफ चले जैसे ही लालूगंज बाजार के समीप पहुंचे वही एक व्यापारी से बातचीत करने लगे अच्छा समय पाकर अज्ञात चोर ने स्कूटी में रखा पैसा भरा थैला लेकर रफू चक्कर हो गया वही जानकारी मिलते ही व्यापारी ने शोर मचाया और अन्य व्यापारी इकट्ठा हो गए सभी व्यापारियों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जहानाबाद प्रशासन की पिकेट अधिकतर गायब रहती है इसी लापरवाही के नतीजे सामने आते हैं कि अधिकतर ऐसी घटनाएं हो जाती हैं हाल ही में विगत 23 अक्टूबर को नजदीकी थाना बकेवर क्षेत्र के पहाड़ीपुर गांव की डेयरी संचालक रामचंद्र के साथ भी ऐसा हादसा हुआ था जहां भारतीय स्टेट बैंक जहानाबाद से निकलने के बाद बीच रास्ते में अज्ञात चोरों ने रुपए पार कर दिए थे व्यापारियों ने कहा अभी उस घटना का खुलासा नहीं हो पाया तथा चोरों ने एक नया घाव दे दिया क्षेत्र में हो रही लगातार चोरी छिनैती तथा डकैती की घटनाओं से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरिया, छत्तीसगढ़
-:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::-
(प्रथम सूचना)

क्रमांक/2157/निर्माण/आ०वि०/2026-27
कोरिया, दिनांक 15/10/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत 'डी' श्रेणी एवं इससे ऊपर श्रेणी के ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन दर अनुसूची जो दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील है। एस.ओ.आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	ऑनलाईन ई-टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम/स्थान का नाम	निविदा की राशि	अमानत राशि
1	2	3	4	5
1	201941	आदिवासी बालक आश्रम मुरमा में जीर्णोद्धार कार्य	1000000.00	7500.00
2	201942	आदिवासी कन्या आश्रम चिल्का में जीर्णोद्धार कार्य	1000000.00	7500.00
3	201947	आदिवासी कन्या आश्रम सारा में जीर्णोद्धार कार्य	800000.00	6000.00
4	201949	आदिवासी कन्या आश्रम सोरगा में जीर्णोद्धार कार्य	1000000.00	7500.00
5	201950	आदिवासी बालक आश्रम भैंसवार में जीर्णोद्धार कार्य	1500000.00	11250.00
6	201953	आदिवासी बालक आश्रम सिंधोर में जीर्णोद्धार कार्य	500000.00	5000.00
7	201955	आदिवासी बालक आश्रम सुन्दरपुर में जीर्णोद्धार कार्य	500000.00	5000.00
8	201959	आदिवासी प्री0मै0 कन्या छात्रावास कुड़ेली में जीर्णोद्धार कार्य	1800000.00	13500.00
9	201962	आदिवासी प्री0मै0 कन्या छात्रावास पटना में जीर्णोद्धार कार्य	1000000.00	7500.00
10	201965	आदिवासी प्री0मै0 बालक छात्रावास उज्ञांव में जीर्णोद्धार कार्य	600000.00	5000.00

निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

टीप :- कार्य पूर्ण करने की अवधि 04 माह है। सरल क्रमांक 01 से 10 तक निविदा प्रपत्र का मूल्य 750.00 है। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन बीड सम्मिट करने की तिथि 13-11-2026 एवं रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट के माध्यम से समस्त दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 17-11-2026 है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कोरिया
कोरिया, दिनांक 15/10/2026

पृ०क्रमांक / 2158/ निर्माण / आ०वि०/2026-27
जी 262704367/3

डूबे युवक का शव तीन दिन बाद मिला

रायबरेली ,गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पूरे कोइली मजरे कोरिहर गांव के रहने वाले अंकुल (पुत्र संतराम) का शव घटना के तीसरे दिन सिरसा घाट स्थित सई नदी से बरामद कर लिया गया। मृतक युवक दो दिन पूर्व कलश यात्रा के दौरान नदी में डूब गया था। घटना के बाद से ही लगातार तलाश जारी थी, और आखिरकार एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०
रा०प्र०क्र०-/अ-6/2026-27
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शैलेन्द्र कुमार गर्ग आ.स्व. आनंद प्रकाश अग्रवाल जाति- अग्रवाल, निवासी एम०जी० रोड़ था०तह० अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा के द्वारा इस आशय का आवेदन पेश किया गया है, कि आवेदक एवं अनावेदकगण आलोक गर्ग, पंकज गर्ग, योगेश गर्ग आ.स्व. आनंद प्रकाश अग्रवाल के पिता स्व. आनंद प्रकाश आ० श्याम सुन्दर अग्रवाल के स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर, मोहल्ला - राम मंदिर मैदान स्थित नजूल भूमि प्लॉट नं. 3196/4813/40 रकबा क्रमशः 0.03 1/2 एकड़ भूमि है। भूधारक आनंद प्रकाश अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 04.10.2026 को हो गई है। तद्धपरांत आवेदक द्वारा उक्त आवेदित भूमि से अपने पिता आनंद प्रकाश अग्रवाल का नाम विलोपित करते हुये स्वयं सहित अनावेदकगण के नाम से फौति नामांतरण किये जाने हेतु आवेदक द्वारा अपने पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति मय दस्तावेज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 19/11/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 02/11/2026 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

शपथ पत्र

मैं गिरवर सिंह आ. गुलाब उम्र 53 वर्ष जाति गोंड निवासी ग्राम दुरती पोस्ट चन्द्रमेढ़ा तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.) एतद द्वारा पूर्णतः पुष्टि करता हूं और निम्नानुसार घोषित करता हूं

1. मैं ग्राम दुरती पोस्ट चन्द्रमेढ़ा तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूं। 2. मैं अपने नाबालिग पुत्र रामसजीवान सिंह (RAMSAJIWAN SINGH) से बदलकर रामजीवन (RAMJEEVAN) करवाना चाहता हूं। जो मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। 3. मैं अपने पुत्र का नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा । 4. मेरे पत्नी मुन्नी बाई को हमारे नाबालिग पुत्र के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।

5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्त्ता

छत्तीसगढ़ राजपत्र, दिनांक 03 नवम्बर 2026
प्रारूप (एक)
समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना

मैं मधुमीका (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी रामेश्वर नाग शहर / गाँव कछार तहसील-पत्थलगाँव जिला-जशपुर छत्तीसगढ़ ने अपना नाम मधुमीका (पुराना नाम) से बदल कर (नया नाम) मधुलिका रख लिया है।

नाबालिग पुत्री/पुत्र के नाम परिवर्तन के मामले में (अभिभावक / पालक द्वारा प्रमाणित) मैं रामेश्वर नाग (माता/पिता /पालक का नाम) सुपुत्र /सुपुत्री नवल साय नाग गाँव/शहर कछार तहसील-पत्थलगाँव जिला-जशपुर छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्र / सुपुत्री का नाम मधुमीका (पुराना नाम) से बदल कर मधुलिका (नया नाम) रख लिया है।

माता/पिता/पालक के हस्ताक्षर

मुक्त विश्वविद्यालय के दीक्षांत में राज्यपाल का आह्वान-आत्मविश्वास और परिश्रम से बनाएं पहचान, 24 हजार 800 विद्यार्थियों को मिली उपाधि

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि युवा आत्मविश्वास, निरंतर प्रयास और अपनी विशिष्ट प्रतिभा के बल पर जीवन में आगे बढ़ें। असफलता से घबराने के बजाय उसके कारणों को समझें और गलतियों से सीखकर पुनः प्रयास करें। शिक्षा का उपयोग व्यक्तिगत सफलता के साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए भी होना चाहिए। राज्यपाल आज पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर के सप्तम दीक्षांत समारोह को अध्यक्षीय आसंदी से



संबोधित कर रहे थे। समारोह में पिछले पांच वर्षों के 24 हजार 800 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा की उपाधियां प्रदान की गईं। समारोह में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक धरमलाल कौशिक एवं सुशांत शुक्ला, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष कैलाश चंद्र शर्मा, नेक अध्यक्ष नागेश्वर राव, विश्वविद्यालय के कुलपति वीरेंद्र कुमार सारस्वत तथा विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की उन्नत आधिकारिक वेबसाइट का लोकार्पण और स्मारिका 'अभ्युदय' का विमोचन किया गया। विश्वविद्यालय की ओर से एकलव्य विद्यालय देवपहरी के 311 विद्यार्थियों को बैग, स्वेटर, टिफिन एवं पानी की बोतलें वितरित की गईं। राज्यपाल डेका ने उपाधि एवं पदक प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियों में अभिभावकों, गुरुजनों और शिक्षण संस्थानों का महत्वपूर्ण योगदान है। दीक्षांत समारोह जीवन में नई ऊर्जा और नई जिम्मेदारियों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मुक्त विश्वविद्यालय दूरस्थ क्षेत्रों तक ज्ञान पहुंचाने और शिक्षा के अवसरों का विस्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंटरनेट और डिजिटल तकनीक ने ज्ञान तक पहुंच आसान बनाई है। युवाओं को इन साधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करते हुए अपनी विचारशक्ति और रचनात्मक क्षमता को विकसित करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि आज रोजगार और आजीविका के अनेक नए क्षेत्र उपलब्ध हैं। युवाओं को अपनी रुचि और क्षमता पहचानकर पूरी मेहनत से आगे बढ़ना चाहिए। जीवन में अपना स्थान स्वयं बनाना पड़ता है। दूसरों की नकल अथवा तुलना करने के बजाय अपनी विशिष्टता पर विश्वास रखें। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे बच्चों पर अपनी अपेक्षाएं थोपने के बजाय उनकी रुचि और प्रतिभा के अनुरूप आगे बढ़ने में सहयोग दें। उन्होंने जीवन में आंतरिक संतुष्टि, संतुलन और परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने की आवश्यकता बताई। डिजिटल उपकरणों के अत्यधिक उपयोग से बचने और अपने समय का सार्थक कार्यों में उपयोग करने का आह्वान किया।

राज्योत्सव के लिए पटवारियों और प्रशासन के बीच टकराव


छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। राज्योत्सव की तैयारियों के बीच शुरू हुआ पटवारियों का आंदोलन अब प्रशासन और राजस्व अमले के बीच टकराव की स्थिति में पहुंच गया है। राज्योत्सव स्थल तूता के सामने धरने पर बैठे पटवारियों को आयोजन की तैयारियों के चलते वहां से हटा दिया गया, लेकिन आंदोलन खत्म नहीं हुआ। पटवारी अब रिंग रोड नल घर के पास हनुमान मंदिर के पास बैठकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं। इधर, लगातार काम बंद रहने से राजस्व संबंधी कामकाज प्रभावित हो रहा है। प्रशासन ने भी अब आंदोलनकारी पटवारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। रायपुर जिले के 28 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पटवारी 13 अक्टूबर से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। शुरूआत में तूता धरना स्थल पर आंदोलन कर रहे पटवारियों को राज्योत्सव के आयोजन के मद्देनजर वहां से हटाया गया। इसके बाद आंदोलनकारियों ने भाठागांव हनुमान मंदिर के पास अपना धरना जारी रखा है। आंदोलन के बीच अभनपुर तहसील प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। कार्यालय तहसीलदार अभनपुर से 2 नवंबर को जारी कारण बताओ नोटिस में संबंधित पटवारियों से कहा गया है कि उनकी अनुपस्थिति से शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं और आम नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

साबित कुछ कर नहीं पाते, नए-नए आरोप लगाते हैं - सुनील दास

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

ऐसे नेता जो साबित कुछ नहीं कर पाते हैं और नए-नए आरोप लगाते रहते हैं, वह कभी सफल नेता नहीं माने जाते हैं। ऐसे नेताओं को कोई गंभीरता से नहीं लेता है। सब यही कहते हैं कि यह तो आए दिन आरोप लगाता है लेकिन साबित कुछ नहीं कर पाता, क्योंकि उसके पास अपने आरोप को साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं होता ऐसे नेता के आए दिन लगाए जाने वाले आरोपों को जनता भी गंभीरता से नहीं लेती। वह भी मान लेती है कि इसकी तो आरोप लगाने की आदत है। इस तरह के आचरण से नेता की छवि



तो प्रभावित होती ही है, पार्टी को भी ऐसे नेता के कारण राजनीतिक नुकसान होता है। नेता ही भरोसे लायक नहीं होता तो पार्टी पर भी लोगों का भरोसा नहीं रहता। नेता की छवि से ही पार्टी की छवि बनती है।राहुल गांधी कांग्रेस के ऐसे ही नेता हैं। वह आए दिन पीएम मोदी पर, संवैधानिक संस्थाओं पर नए-नए आरोप लगाते रहते हैं लेकिन अपने किसी आरोप को आज तक साबित नहीं कर सके हैं। वह पीएम मोदी को डरपोक, कायर, सरेंडर करने वाला नेता कह चुके हैं, एक बार नहीं कई बार कह चुके हैं लेकिन साबित कुछ नहीं कर सके क्योंकि उनके पास सबूत था ही नहीं। वह नरेंद्र मोदी को डरपोक कहते रहे और नरेंद्र मोदी एक के बाद एक स्ट्राइक कर खुद को बहादुर नेता साबित करते रहे।राहुल गांधी ने पीएम मोदी की सरकार का मजाक उड़ाया था सूट-बूट की सरकार कहकर। जनता ने उनकी बात पर भरोसा नहीं किया और दूसरी बार के बाद तीसरी बार भी मोदी सरकार बनाई। यानी जनता ने तीन बार के चुनाव में साबित कर दिया है कि फिलहाल पीएम मोदी पर कोई भी कैसा भी आरोप लगाता रहे, जनता उनके साथ है। हाल ही में रामलीला मैदान में वोट चोरी, ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे व एसआईआर के विरोध में रैली का आयोजन कर राहुल गांधी ने दावा किया था कि दस लाख लोग आएंगे और साबित होगा कि लोग पीएम मोदी से नाराज हैं। लेकिन दस लाख लोग नहीं आए। 50 हजार लोगों के आने से यही साबित हुआ कि जनता राहुल गांधी के साथ नहीं है। वोट चोरी, एसआईआर में वोट काटने के मामले में राहुल गांधी महीनों बाद भी कोई सबूत पेश नहीं कर पाए हैं, न राष्ट्रपति को, न सुप्रीम कोर्ट में। रामलीला मैदान में भी विपक्ष वोट चोरी का कोई सबूत पेश नहीं कर सका। रैली फ्लॉप होने के बाद राहुल गांधी ने नया आरोप लगाया है कि पीएम मोदी विदेशी मदद से पीएम बने हैं। यह आरोप तो वोट चोरी से भी ज्यादा अविश्वसनीय है, क्योंकि जनता जानती है कि विदेशी ताकतें तो मोदी विरोधी हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का रायपुर एयरपोर्ट पर किया भव्य स्वागत

कहा - छत्तीसगढ़ के विकास को मिल रही नई शक्ति

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज एक दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंचे। स्वामी विवेकानंद अंतरराष्ट्रीय विमानतल, रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। विमानतल पर उप मुख्यमंत्री द्वय, मंत्रीगण एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने भी केंद्रीय गृह मंत्री का स्वागत किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि माता कौशल्या की पावन भूमि एवं प्रभु श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ की धरती पर केंद्रीय गृह मंत्री जी का हार्दिक स्वागत है। छत्तीसगढ़ के प्रति उनका आत्मीय



स्नेह प्रदेशवासियों के लिए शक्ति और विश्वास का संबल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में शांति, सुरक्षा और सुशासन स्थापित हुआ है। नक्सल उन्मूलन अभियान को निर्णायक बढ़त मिली है और बस्तर सहित पूरे प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की शांति, सुरक्षा और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता एवं सतत सहयोग विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को नई शक्ति प्रदान करता है। डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने प्रवास के दौरान प्रदेश में आयोजित महत्वपूर्ण बैठकों और कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

केंद्रीय गृहमंत्री ने किया विकसित भारत संकल्प पार्क का लोकार्पण

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-16 में 'विकसित भारत संकल्प पार्क' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा साथ रहे। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने यहां पीपल का पौधा भी लगाया। इस दौरान वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप एवं कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को



अविस्मरणीय बनाने और भावी पीढ़ियों तक राष्ट्र निर्माण का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प पार्क का निर्माण किया गया है। यह पार्क आने वाली पीढ़ियों को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करेगा। नवा रायपुर को पीपल सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है।लगभग 16 एकड़ क्षेत्र में फैले विकसित भारत संकल्प पार्क में अब तक 2,500 से अधिक पीपल और 500 से अधिक स्थानीय प्रजातियों के वृक्ष लगाए गए हैं। नवा रायपुर को हरित और पर्यावरण अनुकूल शहर के रूप में विकसित करने के लिए पीपल फॉर पीपल अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य केवल पौधरोपण तक सीमित न रहकर नागरिकों को पौधों के संरक्षण और उनकी नियमित देखभाल से जोड़ना भी है।इसी क्रम में विकसित भारत संकल्प पार्क को पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी के केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। यह पहल आधुनिक शहरी अधोसंरचना के साथ हरियाली के विस्तार और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को प्रोत्साहित करेगी।

सीएम की पहल पर बीएसपी के हजारों आवासधारियों को बड़ी राहत, किराया 6 रुपए प्रति वर्गफीट किया गया

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) की टाउनशिप में रहने वाले हजारों परिवारों की लंबे समय से चली आ रही आवास किराए की समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल और उनकी अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक के बाद बीएसपी प्रबंधन ने रिटेंशन स्कीम तथा थर्ड पार्टी श्रेणी के आवासों का किराया घटाकर 6 रुपए प्रति वर्गफीट प्रतिमाह कर दिया है। इस फैसले से करीब 4 हजार आवासधारियों को राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री साय से आज



रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में भिलाई स्टील प्लांट के सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ और थर्ड पार्टी कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात कर आभार जताया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, विधायक ललित चंद्राकर एवं रिकेश सेन सहित दुर्ग-भिलाई के अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

रिटेंशन में 75% और थर्ड पार्टी में 25% की राहत

रिटेंशन स्कीमः पहले किराया 24 रुपए प्रति वर्गफीट था, अब 6 रुपए। यानी सीधे 75% की कमी। 500 वर्गफीट के आवास पर पहले 12 हजार देना पड़ता था, अब 3 हजार देना होगा। हर महीने 9 हजार और साल में 1.08 लाख की बचत।

थर्ड पार्टी श्रेणीः पहले 8 रुपए था, अब 6 रुपए। 25% की राहत।

बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग ने 2 नवंबर 2026 को इसका आदेश जारी कर दिया है।

नई व्यवस्था से कुल 3,946 आवासधारी लाभान्वित होंगे, जिनमें रिटेंशन के 1,158 और थर्ड पार्टी के 2,788 आवास शामिल हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारी जो सीमित पेंशन पर निर्भर हैं, उनके लिए यह निर्णय बड़ी आर्थिक राहत है। नई दर पूर्व प्रभाव से लागू होगी।

नामी ब्रांड के खाद्य उत्पाद जांच में फेल, पतंजलि घी और हल्दीराम के रसगुल्ले भी अमानक

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

कोरबा। त्योहारों के मौसम से पहले छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। खाद्य विभाग की जांच में कई नामी कंपनियों के उत्पाद निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं। इनमें पतंजलि का शुद्ध देसी घी और हल्दीराम के रसगुल्ले व चना जैसे उत्पाद शामिल हैं।

120 नमूनों में 20 जांच में फेल

खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले 10 महीनों के दौरान जिले में अलग-अलग खाद्य पदार्थों के 120 नमूने एकत्र किए गए थे। प्रयोगशाला जांच में इनमें से 20 नमूने अमानक पाए गए। यानी करीब 17 प्रतिशत खाद्य नमूने गुणवत्ता के निर्धारित मापदंडों पर खरे नहीं उतरे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय भारत ने बताया कि मिलावटी खाद्य पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य के



लिए बेहद नुकसानदायक हो सकता है। इससे फूड पॉइजनिंग के अलावा कई गंभीर बीमारियों का खतरा रहता है। उन्होंने बताया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामलों में 10 लाख रुपये तक जुमार्ने और उम्रकैद तक के कानूनी प्रावधान हैं।

चार दुकानों पर लगाया गया जुर्माना

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने जिले की चार दुकानों में जांच अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित दुकानों पर कुल 13 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। साथ ही खाद्य सामग्री के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

रेस्टोरेंट और डेयरियों पर भी हो चुकी है कार्रवाई

खाद्य विभाग की ओर से जिले के कई रेस्टोरेंट और डेयरियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा चुकी है। इन पर पहले ही लाखों रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। विभाग का कहना है कि जांच और कार्रवाई का उद्देश्य खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकना और आम लोगों तक सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री पहुंचाना है।

गार्डों को बंधक बनाकर एसईसीएल खदान में लोहे के सामान और पाइप चोरी मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

कोरबा। जिले में एसईसीएल की बांकी-4 खदान में सुरक्षाकर्मियों को बंधक बनाकर लोहे के सामान और पाइप चोरी करने की घटना सामने आई है। बांकीमोंगरा पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल पिकअप वाहन, गैस कटर, ऑक्सीजन सिलेंडर और मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक, 26 और 27 अक्टूबर की दरम्यानी रात करीब 1 बजे 10 से 12 नकाबपोश बदमाश एसईसीएल की बांकी-4 खदान परिसर में घुसे थे। ड्यूटी पर तैनात चौकीदारों को बंधक बनाकर उनके मोबाइल फोन छीन लिए गए। इसके बाद बदमाशों ने गैस कटर की मदद से स्टोर में रखे लोहे के रैक और पाइप काटे और



करीब 28 हजार रुपये कीमत का सामान लेकर फरार हो गए। एसईसीएल सुरक्षा गार्ड व्यासनारायण चौहान की रिपोर्ट पर 28 अक्टूबर को बांकीमोंगरा थाने में अपराध क्रमांक 223/2026 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पिकअप चालक राहुल विश्वकर्मा और कबाड़ दुकान संचालक आकाश साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। दोनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। डकैती से प्राप्त संपत्ति के निपटान और खरीद-बिक्री में भूमिका सामने आने पर मामले में बीएनएस की धारा 317(3) और 317(5) भी जोड़ी गई।दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-12-बीजे-6180, एक गैस कटर, एक ऑक्सीजन सिलेंडर और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

राज्य स्थापना दिवस छत्तीसगढ़ महतारी की अस्मिता, समृद्ध संस्कृति और स्वाभिमान का पर्व : लक्ष्मी

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। छत्तीसगढ़ राज्य के 26वें स्थापना दिवस पर यहां अग्रसेन स्टेडियम ग्राउंड में जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्यगीत का गायन भी किया गया। इस वर्ष राज्योत्सव सशक्त नारी, युवा उड़ान की थीम पर मनाया गया।समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श लक्ष्मी ने जिलेवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस छत्तीसगढ़ महतारी की अस्मिता, समृद्ध संस्कृति और स्वाभिमान का पर्व है। प्रदेश अपनी स्थापना के 26 वर्ष पूरे कर 27वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के प्रयासों से छत्तीसगढ़ को पृथक राज्य का गौरव मिला। मंत्री ने राज्य निर्माण में योगदान देने वाले पुरखों को नमन करते हुए कहा कि गठन के समय अनेक चुनौतियां थीं, लेकिन आज प्रदेश विकास के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि लोककला, लोकसंस्कृति और जनजातीय परंपराओं से विशिष्ट पहचान रखने वाला छत्तीसगढ़ विकास और प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के अनुरूप जनकल्याण और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। महिला सशक्तिकरण, साथ विकास कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने सभी से जिले को समृद्ध और विकसित बनाने के संकल्प के साथ सामूहिक सहभागिता से आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ और विकसित सूरजपुर के निर्माण में सभी से सक्रिय सहभागिता की अपील की। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने राज्य और जिले के गठन के बाद हुए विकास,



मंत्री लक्ष्मी के मुख्य आतिथ्य में हुआ जिला स्तरीय समारोह

शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ दूरस्थ अंचलों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। आदिवासी एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरणों के माध्यम से जनजातीय और वंचित वर्गों के उत्थान के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि जिले में जनजातीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के सूरजपुर के विकास से विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प और मजबूत होगा।

प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने भी राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्योत्सव की सशक्त नारी, युवा उड़ान थीम महिला सशक्तिकरण और युवाओं की प्रगति के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए विकसित उपलब्धियों तथा नवाचारों की जानकारी साझा की।

उत्कृष्ट कार्य पर हुआ सम्मान

समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पाक कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बबली को 31 सौ, द्वितीय श्रीमती रानी गुप्ता को 21 सौ तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली श्रीमती कमला गुप्ता को 11 सौ रुपये की नकद पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

प्रदर्शनी में जिला पंचायत प्रथम

विभागीय प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिला पंचायत को प्रथम, स्वास्थ्य विभाग को द्वितीय तथा शिक्षा एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान मिला। अतिथियों ने विजेता विभागों को सम्मानित किया। विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ भी प्रदान किया गया। कुर्सी दौड़, रस्साकशी सहित खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। छात्राओं और अन्य प्रतिभागियों के उत्साहपूर्ण प्रदर्शन पर दर्शकों ने तालियों के साथ उनका उत्साह बढ़ाया।

पारंपरिक व्यंजनों चखा स्वाद

पाक कला प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की महक छाई रही। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े और अन्य जनप्रतिनिधियों ने पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखा और प्रतिभागियों के पाक कौशल की सराहना की। मंत्री ने समारोह स्थल पर लगी विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों और नवाचारों की जानकारी ली।

सांस्कृतिक संध्या में बिखरे सुर-संगीत के रंग

सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। कर्मा नृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ के विकास, संस्कृति और एकता का संदेश प्रस्तुत किया गया। संध्या कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में बीजीएम म्यूजिकल ग्रुप एवं उनकी टीम ने अपने गीतों से लोगों को झुमाया। टीम ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। जिसे सुनकर दर्शक झूम उठे। इसके बाद एक के बाद एक प्रस्तुत गीतों ने शमा बांध दिया। मधुर आवाज़, लोकधुनों की लय और कलाकारों के उत्साहपूर्ण ने कार्यक्रम को यादगार बनाया। दर्शकों ने भी पूरे उत्साह और आत्मीयता से उनके गीतों पर तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। सांस्कृतिक संध्या में छत्तीसगढ़ की परंपरा, लोककला और संगीत की झलक देखने को मिली। तत्पश्चात अलंकार बैंड के सुरों की लय और भावनाओं की गहराई ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुति से उपस्थित दर्शक भावविभोर होकर गीतों के सुरों में डूब गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा लाल राजवाड़े, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती रेना जमील, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र पाटले, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रशासन की ओर से मंत्री श्रीमती राजवाड़े और अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। वहीं आमंत्रित कलाकारों जिला प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

करमा महोत्सव में सजेगा जनजातीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का मंच

आज से होगा आयोजन कलेक्टर ने नियुक्त किया नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जनजातीय समाज की परंपरागत लोकनृत्य, लोकगीत को संरक्षित एवं संवर्धन हेतु जनजातीय लोकनृत्य महोत्सव का आयोजन 04 स्तर पर किया गया है। ग्राम स्तर पर 4 से 06 विकासखंड स्तर पर 6 से 9, जिला स्तर पर 14 से 18 नवंबर तक आयोजन होगा। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने महोत्सव के सुचारू एवं सफल क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले को नोडल एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार विकासखंड स्तर पर संबंधित एसडीएम को नोडल तथा जनपद सीईओ को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिला स्तर पर आयोजित लोकनृत्य महोत्सव में चयनित दलों को प्रथम 50 हजार द्वितीय 25 हजार एवं तृतीय 15 हजार रुपये तथा इसके अतिरिक्त जिला स्तरीय समिति द्वारा अनुशंसित नृतक दल को 10 हजार रूपये के मान सांत्वना पुरूस्कार प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार राज्य स्तर पर क्रमशः 02 लाख, 1 लाख एवं 50 हजार रू. की राशि दी जायेगी। इसके अतिरिक्त अनुशंसित नृतक दल को 25 हजार रूपये के मान सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

वीबी-जी राम जी योजना के संविदा पदों पर भर्ती हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन-ग्रामीण (वीबी-जी राम जी) योजना अंतर्गत जनपद पंचायत स्तर के रिक्त संविदा पदों (कार्यक्रम अधिकारी, सहायक प्रोग्रामर एवं लेखापाल) के नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन पत्रों का छानबिन समिति के द्वारा परीक्षण उपरान्त 03 नवंबर को 2026 को पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। आवेदक सूची का अवलोकन जिले के वेबसाईट www.surajpur.nic.in/www.surajpur.gov.in पर हैं। प्रकाशित सूची में जिन अभ्यर्थियों को आपत्ति प्रस्तुत करना है, वे 11 नवंबर 2026 तक जिले के माध्यम से कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात् दावा आपत्ति हेतु प्राप्त आवेदन एवं सीधे कार्यालय में प्राप्त आवेदन मान्य नहीं किया जायेगा।

कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग अम्बिकापुर, जिला: सरगुजा (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक–6121/NIT–14/2026–27/व.ले.लि. दिनांक 31.10.2026

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :– 12/11/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :– 19/11/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :– 20/11/2026 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

कार्यों हेतु :–

निविदा प्रपत्र–A का मूल्य :– 750.00 रूपये, निविदाकारों की श्रेणी :– ई–पंजीयन के अंतर्गत "द" से "अ" तक तथा कार्य की अवधि T0113, T0118, T0123 एवं T0124 हेतु दिनांक 31.05.2027 तक एवं अन्य हेतु दिनांक 31.10.2027 वर्षा ऋतु सहित निर्धारित है।

एनआईटी क्र.14 निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls (प्रथम आमंत्रण)	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) - अमानत राशि(रू.में) - बैंक सात्वेंसी (रू.में)
1	2	3
T0113	जिला स्थापना सूरजपुर के न्यायिक अधिकारी हेतु 01 एफ-टाईप शासकीय आवासगृह में विधुतीकरण कार्य । //बजट कार्य//	3.30 - 3300.00 -49500.00
T0114	शासकीय महाविद्यालय भैयाथान जिला-सूरजपुर में अतिरिक्त कक्ष में विधुतीकरण कार्य (बजट कार्य)	5.90 -5000.00 -88500.00
T0115	सूरजपुर जिले के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन भेयाथान में विधुतीकरण कार्य। //सिविल जमा कार्य//	3.31 - 3310.00 -49650.00
T0116	सूरजपुर जिले के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन रामानुजनगर में विधुतीकरण कार्य। //सिविल जमा कार्य//	3.31 - 3310.00 -49650.00
T0117	सूरजपुर जिले के अंतर्गत तहसील कार्यालय भवन भटगांव में विधुतीकरण कार्य। //सिविल जमा कार्य//	5.35 - 5000.00 - 80250.00
T0118	सूरजपुर जिले के अंतर्गत पत्रकार भवन सूरजपुर में विधुतीकरण कार्य। //सिविल जमा कार्य//	1.84 - 2000.00 -27600.00
T0119	सूरजपुर जिले के प्रेमनगर विकासखंड में शासकीय मलवरी रेशम केंद्र मेंड्रा में कृमिपालन भवन में विधुतीकरण कार्य। //सिविल जमा कार्य//	1.84 - 2000.00 -27600.00
T0120	जिला सूरजपुर के रेशम केंद्र प्रेमनगर के ग्रेनेज भवन में विधुतीकरण कार्य। //सिविल जमा कार्य//	0.50 - 2000.00 - 7500.00
T0121	सूरजपुर जिले के अंतर्गत बाल कल्याण समिति भवन सूरजपुर में विधुतीकरण कार्य। //सिविल जमा कार्य //	0.80 - 2000.00 -12000.00
T0122	सूरजपुर जिले के अंतर्गत सूरजपुर में किशोर न्याय बोर्ड भवन में विधुतीकरण कार्य। //सिविल जमा कार्य//	0.80 - 2000.00 -12000.00
T0123	सूरजपुर जिले के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय विश्रामपुर में अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय में विधुतीकरण कार्य। //सिविल जमा कार्य//	2.59 - 2590.00 -38850.00
T0124	सूरजपुर जिले के अंतर्गत साहू समाज भवन सूरजपुर में विधुतीकरण कार्य। //सिविल जमा कार्य//	2.06 - 2060.00 -30900.00
T0125	जिला सूरजपुर वि.खं. सूरजपुर के नावापारा हाईस्कूल भवन में विधुतीकरण कार्य (बजट कार्य)	5.80 - 5000.00 -87000.00
T0126	सहायक कृषि यंत्री कार्यालय सूरजपुर का भवन में विधुतीकरण एवं 2 नग ए.सी. संस्थापन कार्य (बजट कार्य)	6.47 - 4853.00 -97050.00
T0127	शासकीय पोलिटेकनिक परिसर सूरजपुर में 06 नग जी टाइप क्वार्टर में विधुतीकरण कार्य। //बजट कार्य//	5.95 -5000.00 -89250.00
T0128	जशपुर जिले के अंतर्गत सहायक कृषि यंत्री कार्यालय जशपुर का विधुतीकरण कार्य (बजट कार्य)	5.58 -5000.00 -83700.00
T0129	अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं के अंतर्गत जशपुर में फायर स्टेशन में विधुतीकरण कार्य (बजट कार्य)	9.77 - 7330.00 -146550.00
T0130	जिला जशपुर के कुनकुरी में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सह कृषि आदान सामग्री, गोदाम एवं चौकीदार क्वार्टर में विधुतीकरण कार्य (बजट कार्य)	5.14 - 5000.00 -77100.00
T0131	जिला जशपुर के बगीचा में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सह कृषि आदान सामग्री, गोदाम एवं चौकीदार क्वार्टर में विधुतीकरण कार्य (बजट कार्य)	7.10 - 5325.00 - 106500.00
T0132	सरगुजा जिले के अंतर्गत क्यू.एम स्टोर हाल सैनिक स्कूल मेंड्राकला अंबिकापुर में विधुतीकरण कार्य। //सिविल जमा कार्य//	3.18 - 3180.00 -47700.00
T0133	सरगुजा जिले के अंतर्गत सैनिक स्कूल अंबिकापुर के चार पहिया पार्किंग शेड में विधुतीकरण कार्य। //सिविल जमा कार्य//	0.81 - 2000.00 -12150.00
T0134	जिला एम.सी.बी. अंतर्गत वन परिक्षेत्र कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में अनुविभागीय अधिकारी (कृषि) तथा भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय हेतु विधुतीकरण कार्य । //जमा	1.18 - 2000.00 - 17700.00
T0135	जिला सूरजपुर के वि.खं. रामानुजनगर के गोविंदपुर साहूपारा में मार्ग निर्माण कार्य लं.1.50 किमी में पोल शिफ्टिंग कार्य //बजट कार्य//	4.87 -4870.00 -73050.00
T0136	जिला सूरजपुर विकास खण्ड भैयाथान के ग्राम पंचायत दर्रीपारा से दलौनी तक लं. 3.00 किमी में पोल शिफ्टिंग का कार्य (बजट कार्य)	8.77 - 6578.00 -131550.00
T0137	जिला सूरजपुर के लक्ष्मीपुर से दोई लं. 3.00 किमी. में पोल शिफ्टिंग का कार्य (बजट कार्य)	2.44 - 2440.00 -36600.00
T0138	जिला सूरजपुर के वृन्दावन से सलका तक मार्ग निर्माण लं. 4.00 किमी. में पोल शिफ्टिंग कार्य (बजट कार्य)	4.87 - 4870.00 -73050.00
T0139	जिला सूरजपुर के वि.ख. प्रेमनगर के मनिहारीडांड, बाजारपारा से कांदाबारी होते हुए झापरपारा मार्ग तक लं. 6.00 किमी में पोल शिफ्टिंग कार्य (बजट कार्य)	8.53 - 6398.00 -127950.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग
अम्बिकापुर, जिला: सरगुजा (छ.ग.)

जी-262704353/1

आज और कल होगा सरगुजा ओलंपिक एवं युवा उत्सव

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। खेल एवं युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2026-27 प्रतियोगिता एवं युवा उत्सव का आयोजन आज 4 एवं कल5 नवंबर को यहां के अग्रसेन स्टेडियम में किया जाएगा।

प्रतियोगिता में जिले के सभी विकासखंडों से चयनित जूनियर वर्ग के विजेता प्रतिभागी भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा एवं कौशल का परिचय देंगे। युवा उत्सव में जिले के समस्त विकासखंडों से महिला एवं पुरुष प्रतिभागी शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

चांदनी बिहारपुर में 12 हाथियों के दल का आतंक, दर्जनों किसानों की फसलो को किया बर्बाद

नवडीहा और करौटी में रातभर मचाया उत्पात, वन विभाग की निष्क्रियता से ग्रामीणों में आक्रोश

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिहारपुर। सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात करीब 12 हाथियों के दल ने नवडीहा और करौटी गांव में पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने किसान बालकराम सिंह और जगत लाल खैरवार की खेतों में लगी फसलों को खाकर और रौंदकर बर्बाद कर दिया। लगातार हो रहे फसल नुकसान से क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ गई है। चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के महुली, परसा, रसौकी, मोहरसोप, कछिया, नवडीहा, खैरा और जुड़वनिया सहित आसपास के गांवों में इन दिनों हाथियों की आवाजाही बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, हाथियों का दल अब तक क्षेत्र के दर्जनों किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा



चुका है। रात होते ही हाथियों के खेतों की ओर पहुंचने से ग्रामीणों में भय का माहौल है।

हाथियों को खदेड़ने में विभाग की पहल नदारद

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान पार्क परिक्षेत्र और वन विभाग की मौजूदगी के बावजूद हाथियों से बचाव के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। हाथी प्रभावित गांवों में नियमित निगरानी, गश्त और ग्रामीणों को समय पर सतर्क करने की व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों की मौजूदगी और फसल नुकसान की जानकारी विभागीय अधिकारियों को देने के बाद भी संबंधित अमला प्रभावित गांवों में समय पर पहुंचकर सहयोग नहीं करता। इससे किसानों को अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए रातभर जागकर पहरा देना पड़ रहा है।

आजीविका पर संकट

धान सहित अन्य फसलों को हाथियों द्वारा लगातार नुकसान पहुंचाए जाने से किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि खेती ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है। ऐसे में हाथियों द्वारा बार-बार फसल बर्बाद किए जाने से आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। हाथियों के लगातार उत्पात से परेशान ग्रामीणों ने वन विभाग और गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान पार्क परिक्षेत्र के अधिकारियों से हाथियों की निगरानी बढ़ाने, प्रभावित गांवों में नियमित गश्त करने, हाथियों की आवाजाही की सूचना समय पर देने और नुकसान का आकलन कर किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर हुआ विकसित भारत युवा संसद का आयोजन



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। मेरा युवा भारत के तत्वावधान में शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय एक राष्ट्र, एक चुनाव रहा। जहां कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक समझ, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता विकसित करना था। इस अवसर पर युवाओं ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा, भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था, चुनावी प्रक्रिया तथा इसके संभावित लाभ एवं चुनौतियों पर अपना विचार प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने संसदीय प्रक्रिया के माध्यम से अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से रखने का प्रयास किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर साक्षी गुप्ता ने प्रथम स्थान, हेमंत कुमार ने द्वितीय स्थान एवं उपासना गोयन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा लोकतांत्रिक विषयों पर विचार व्यक्त करने का अवसर प्राप्त हुआ।

कुबेरपुर बवाल मामले में बिहारपुर प्रभारी तहसीलदार पर गिरी निलंबन की गाज

जांच रिपोर्ट में लापरवाही आई सामने, संभागायुक्त ने की कार्रवाई

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर/बिहारपुर। जिले के कुबेरपुर में ट्रैक्टर दुर्घटना में महिला की मौत के बाद हुए बवाल के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। सरगुजा संभागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा ने बिहारपुर में पदस्थ नायब तहसीलदार एवं प्रभारी तहसीलदार करमचंद जाटवर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कलेक्टर द्वारा कराई गई जांच में कानून-व्यवस्था की स्थिति संभालने में लापरवाही और कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार, 17 अक्टूबर को कुबेरपुर में ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटी सवार महिला चंद्रवती जायसवाल की मौत हो गई थी। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कई घंटे तक चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। इसी दौरान ग्रामीणों ने ट्रैक्टर और क्रशर प्लांट में आग लगा दी। घटना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को भी ग्रामीणों ने कई घंटे तक बंधक बनाए रखा। मामले में पुलिस ने 26 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

घटना के बाद महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े कुबेरपुर पहुंचीं और पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए एकतरफा कार्रवाई को लेकर फटकार लगाई थी। मंत्री ने सवाल उठाया था कि दोपहर 12 बजे हादसा होने के बाद शाम 7 बजे तक प्रशासन क्या कर रहा था। उन्होंने अधिकारियों को निष्पक्ष कार्रवाई करने और मामले में जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए थे। घटना के बाद कलेक्टर द्वारा मामले की जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन में प्रभारी तहसीलदार करमचंद जाटवर की कार्यप्रणाली और जिम्मेदारियों के निर्वहन में लापरवाही सामने आने की बात कही गई। जांच रिपोर्ट और शिकायतों के आधार पर सरगुजा संभागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा ने नायब तहसीलदार श्री जाटवर को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय संभागीय पटवारी प्रशिक्षण शाला, अंबिकापुर, जिला सरगुजा निर्धारित किया गया है।

जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक का भव्य शुभारंभ, पहली बार फ्लड लाइट मैच

फुटबॉल को किक मारकर लुण्ड्रा विधायक ने किया शुभारंभ, 1800 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर। जिले में खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2026-27 का भव्य शुभारंभ सोमवार 3 नवंबर को गांधी स्टेडियम अंबिकापुर में हुआ। जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने फुटबॉल को किक मारकर किया। इस ओलंपिक का शुभंकर 'गजरू' बनाया गया है और स्लोगन 'खेले बार आघू आबो सरगुजा के मान बढ़ाबो' रखा गया है।

प्रतियोगिता 3 से 5 नवंबर तक चलेगी। सरगुजा के खेल इतिहास में पहली बार फ्लड लाइट की रोशनी में फुटबॉल मैच का आयोजन इस बार का विशेष आकर्षण रहेगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के सातों विकासखंड अंबिकापुर, उदयपुर, बतौली, मैनपाट, लखनपुर, लुण्ड्रा और सीतापुर के करीब 1800 खिलाड़ी, कोच और मैनेजर शामिल हो रहे हैं। पहले दिन करीब 1000 जूनियर बालक-बालिका खिलाड़ी विभिन्न खेलों में अपना दमखम दिखाएंगे। ओलंपिक में तीरंदाजी, रस्साकसी महिला, फुटबॉल, एथलेटिक, बास्केटबाल, बॉलीबाल, कुश्ती, कराटे, कबड्डी, खो-खो और बैडमिंटन सहित 11 खेल शामिल हैं। कार्यक्रम में नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, राज्य युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, भारत सिंह सिसोदिया सहित जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव, सहायक संचालक खेल रामकुमार सिंह, जनप्रतिनिधि, खेल प्रेमी और बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।



विधायक ने खिलाड़ियों को दिलाई शपथ

मुख्य अतिथि प्रबोध मिंज ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि टीम में जगह बनाने के लिए निरंतर मेहनत और अनुशासन जरूरी है। नियमित अभ्यास से ही प्रतिभा निखरती है। उन्होंने अपने स्कूल-कॉलेज के खेल अनुभव साझा करते हुए खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा सरगुजा ओलंपिक जिले के खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच है। सभी खिलाड़ी खेल भावना और नियमों का पालन करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और संभाग, राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करें। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना और जिले के गौरव को बनाए रखने की शपथ भी दिलाई।

88 हजार से अधिक ने कराया था पंजीयन

सरगुजा ओलंपिक को लेकर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह है। पहले चरण में 1 अगस्त से 15 सितंबर तक ऑनलाइन-ऑफलाइन पंजीयन में कुल 88,509 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें 36,319 पुरुष और 52,190 महिला खिलाड़ी हैं। सबसे ज्यादा 48,626 पंजीयन एथलेटिक्स में हुए। इसके बाद 1 से 10 अक्टूबर तक सभी सात विकासखंडों में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी दी गई।

नकद पुरस्कार से होगा सम्मान

जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी दी जाएगी। व्यक्तिगत स्पर्धा में प्रथम को 2000 रुपये, द्वितीय को 1500 और तृतीय को 1000 रुपये, वहीं दलगत स्पर्धा में प्रथम को 4000, द्वितीय को 3000 और तृतीय को 2000 रुपये दिए जाएंगे। जिला स्तर पर प्रथम आने वाले खिलाड़ी 15 से 20 नवंबर तक संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में होने वाली संभाग स्तरीय सरगुजा ओलंपिक में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

नवाचारी शिक्षण कार्यों के लिए पूनम शुक्ला को 'समाज दीप रत्न सम्मान'

बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री की मौजूदगी में किया गया सम्मानित



छ.ग.फ्रंटलाइन भैयाथान। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों के चलते भैयाथान विकासखण्ड की शिक्षिका पूनम शुक्ला को राज्य स्तरीय 'समाज दीप रत्न सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि से उन्होंने न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे भैयाथान क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

बिलासपुर स्थित पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ (समग्र विकास मंच) के तत्वावधान में सदस्यता शपथ ग्रहण सह सम्मान समारोह 2026 का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में भैयाथान विकासखंड के प्राथमिक शाला खैरी में पदस्थ शिक्षिका पूनम शुक्ला को समाज दीप रत्न सम्मान प्रदान किया गया। पूनम शुक्ला लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के प्रति रुचि रखते हुए बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। उनका प्रयास शिक्षा को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखकर बच्चों के व्यक्तित्व विकास, रचनात्मकता और सामाजिक सहभागिता से जोड़ना रहा है। उनके इन्हीं प्रयासों को देखते हुए उन्हें इस राज्य स्तरीय सम्मान के लिए चुना गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू उपस्थित रहे। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा को आधुनिक, व्यावहारिक एवं कौशल आधारित बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के समर्पण, नवाचार और सामूहिक प्रयासों से छत्तीसगढ़ शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा। हमारा संकल्प है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और हर शिक्षक को उचित मान-सम्मान प्राप्त हो। पूनम शुक्ला को मिले इस सम्मान से क्षेत्र के शिक्षकों एवं शिक्षा जगत में हर्ष का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि को भैयाथान क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

प्रबुद्धजन सम्मेलन में लोकतांत्रिक मूल्यों और युवाओं की भूमिका पर मंथन

भ्रामक सूचनाओं से बचने का किया गया आह्वान

छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर। भारतीय जनता पार्टी के 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान के तहत विधानसभा स्तरीय प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया गया। ब्रह्मरोड स्थित होटल ग्रीन अलंकार में आयोजित सम्मेलन भाजपा संगठन जिला प्रभारी गोपाल साहू के आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में हुआ।

सम्मेलन में अतिथि वक्ता के रूप में वरिष्ठ नागरिक आई.बी. तिवारी, अधिवक्ता संजय अंबष्ट एवं व्यवसायी नरेंद्र सिंह टुटेजा उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रभारी के रूप में निलेश सिंह, राजकुमार बंसल, अभिषेक शर्मा एवं मधुसूदन शुक्ला ने व्यवस्थाएं संभाली। सम्मेलन में विपक्ष द्वारा एसआईआर एवं 'वोट चोरी' को लेकर लगाए जा रहे आरोपों, विरोध प्रदर्शनों से आम नागरिकों और व्यापारियों को हो रही असुविधा तथा युवाओं की सामाजिक और लोकतांत्रिक जिम्मेदारियों जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने और आभार प्रदर्शन निलेश सिंह ने किया। सम्मेलन में वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, वरिष्ठ अधिवक्ता पी.आर. कश्यप, एन.पी. सिंह, सीए हरिशंकर जायसवाल, नगर निगम के सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



प्रबुद्धजन सही तथ्य लोगों तक पहुंचाएं-गोपाल साहू

जिला संगठन प्रभारी गोपाल साहू ने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव तक सीमित नहीं है, यह नागरिकों के अधिकारों के साथ कर्तव्यों से भी जुड़ा है। किसी भी विषय पर चर्चा तथ्यों और संवैधानिक मर्यादाओं के आधार पर होनी चाहिए। प्रबुद्धजन समाज के मार्गदर्शक हैं, इसलिए उनकी जिम्मेदारी है कि वे भ्रामक सूचनाओं के बजाय सही जानकारी लोगों तक पहुंचाएं और युवाओं को सकारात्मक दिशा दें।

लोकतांत्रिक संस्थाओं पर विश्वास जरूरी-सिसोदिया

अध्यक्षीय उद्बोधन में भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति विश्वास बनाए रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन विरोध के नाम पर आम जनता और व्यापार को प्रभावित नहीं किया जाना चाहिए। युवाओं को किसी भी विषय पर प्रतिक्रिया से पहले वास्तविकता समझनी चाहिए।

वक्ताओं ने कहा-लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों से

आई.बी. तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती जागरूक नागरिकों से आती है। एसआईआर और मतदाता सूची जैसे विषयों पर लोगों को सही जानकारी देना जरूरी है, अफवाह से बचना चाहिए। अधिवक्ता संजय अंबष्ट ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र संविधान और कानून के दायरे में चलता है। अभिव्यक्ति और विरोध का अधिकार सबको है, लेकिन साथ में दूसरों के अधिकारों का सम्मान भी जरूरी है। व्यवसायी नरेंद्र सिंह टुटेजा ने कहा कि किसी भी विरोध प्रदर्शन का असर आम नागरिक और व्यापारिक गतिविधियों पर नहीं पड़ना चाहिए। युवाओं को उकसावे और अपुष्ट सूचनाओं से दूर रहकर रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ना चाहिए।

छठ महापर्व को लेकर मां सिंदूर नदी घाट पर तैयारियां तेज

भव्य आरती की तैयारी, पर्व को लेकर अभी से उत्साह का माहौल



छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर। आस्था, श्रद्धा और सूर्य उपासना के महापर्व छठ को लेकर बलरामपुर जिला मुख्यालय में उत्साह का माहौल बनने लगा है। जिला मुख्यालय स्थित मां सिंदूर नदी छठ घाट पर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। हर साल की तरह इस बार भी छठ पूजा समिति के सदस्य घाट को संवारने और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था बनाने में जुटे हैं। नदी तट की साफ-सफाई से लेकर व्रतियों के बैठने, पूजा सामग्री और धार्मिक आयोजनों तक की पूरी तैयारी समिति ने शुरू कर दी है। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष मनीष सिंह ने बताया कि, मां सिंदूर नदी छठ घाट को व्यवस्थित और आकर्षक स्वरूप दिया जा रहा है। यहां हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचते हैं। पिछले साल इस घाट पर 500 से अधिक व्रतियों ने विधि-विधान से पूजा की थी। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस बार 700 से अधिक व्रतियों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। समिति को उम्मीद है कि इस बार संख्या इससे भी अधिक हो सकती है।

बनारस के गंगा आरती की तर्ज पर होगी आरती-इस साल छठ घाट पर विशेष आकर्षण के रूप में बनारस की प्रसिद्ध गंगा आरती की तर्ज पर मां सिंदूर नदी की भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा। कल-कल बहती जलधारा, दीपों की रोशनी और भक्तिमय आरती के बीच श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति कराने की तैयारी है। इसके साथ ही मां छठी की भक्ति में भव्य जागरण कार्यक्रम भी आयोजित होगा, जिससे पूरा घाट भक्तिमय और आकर्षक रोशनी से जगमगाएगा।

घाट पर ही मिलेगी पूजा सामग्री-समिति द्वारा व्रतियों की सुविधा के लिए घाट पर ही पूजा से जुड़ी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। साफ-सफाई, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था और घाट की आकर्षक सज्जा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अध्यक्ष मनीष सिंह ने बताया कि सभी सदस्य आपसी सहयोग से तैयारियों में लगे हैं। उद्देश्य है कि घाट पर पहुंचने वाले हर श्रद्धालु को बेहतर सुविधा मिले और छठ महापर्व पूरी श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न हो।

शासन की प्राथमिकताओं और जनहित के मामलों का निराकरण समय-सीमा में करें

धान खरीदी की अभी से तैयारी, राजस्व प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश

छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर। कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर ने बैठक की शुरुआत में जिले में राज्योत्सव समारोह के गरिमामय और सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों एवं जिला प्रशासन की टीम को बधाई दी।

बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, विभागों के लंबित प्रकरणों और 15 नवंबर से शुरू हो रही समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकताओं और जनहित से जुड़े मामलों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। सभी लंबित प्रकरणों को समय पर निपटाकर योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए। बैठक में डीएमएफ के तहत वसूली प्रकरणों की स्थिति, अपूर्ण कार्यों, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मुआवजा प्रकरणों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव, डीएफओ लोकनाथ पटेल, प्रशिक्षु आईएफएस कुणाल मिश्रा, नगर निगम आयुक्त विनय अग्रवाल सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएम हेल्पलाइन और शिकायतों की समीक्षा

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, जनदर्शन, जन चौपाल, जन शिकायत और पीजी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। जिले के चिन्हित शासकीय स्कूलों में चल रही नीट एवं जेईई लाइव ऑनलाइन कोचिंग की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को कक्षाओं की नियमित मॉनिटरिंग और समस्याओं का त्वरित निराकरण करने को कहा।



धान खरीदी को लेकर सख्त निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में किसी भी स्तर पर शिकायत नहीं आनी चाहिए। सभी तहसीलदारों को गिरदावरी से संबंधित शिकायतों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को खरीदी के दौरान परेशानी न हो। एसडीएम, खाद्य अधिकारी और संबंधित विभागों को भी सभी तैयारियां समय रहते पूरी करने को कहा।

राजस्व प्रकरण समय-सीमा में निपटाएं

राजस्व विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने लंबित मामलों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर जोर दिया। उन्होंने तहसीलवार सीमांकन, नामांतरण, त्रुटि सुधार, नक्शा बटांकन, आधार सीडिंग, वृक्ष कटाई, डिजिटल हस्ताक्षर, किसान किताब, जेंडर प्रविष्टि, डीसीएस सर्वे, कोटवारी भूमि, अतिक्रमण सहित स्वामित्व योजना के तहत अधिकार अभिलेख निर्माण कार्यों की समीक्षा की। कहा कि कोई भी आवेदन समय-सीमा से बाहर नहीं होना चाहिए, सभी राजस्व अधिकारी गंभीरता से काम करें।

माई भारत-युवा संवाद: मजबूत लोकतंत्र, अधिकार एवं कर्तव्यों पर सार्थक विमर्श

छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर। होली क्रॉस वीमेन्स कॉलेज, अंबिकापुर के सभागार में 3 नवंबर को माई भारत के अंतर्गत युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एक मजबूत लोकतंत्र, अधिकार एवं कर्तव्य, युवाओं के विशेष संदर्भ में विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सि. शांता जोसफ ने की। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा पीढ़ी में लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक चेतना, तार्किक चिंतन एवं उत्तरदायी नागरिकता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिता में छात्राओं ने विषय के पक्ष और विपक्ष में अपने तार्किक विचार, प्रभावशाली अभिव्यक्ति एवं सारगर्भित तर्कों के माध्यम से लोकतांत्रिक व्यवस्था में युवाओं की भूमिका, अधिकारों तथा कर्तव्यों के महत्व पर सार्थक विमर्श प्रस्तुत किया। मंच संचालन प्रतिभा मिंज एवं कविता एक्का ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. नीना गुप्ता, डॉ. सीमा मिश्रा एवं डॉ. मृदुला सिंह शामिल रहीं। समापन अवसर पर शिक्षक आलोक चक्रवर्ती ने विषय की सारगर्भिक व्याख्या करते हुए युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।



संभागायुक्त ने बिहारपुर के प्रभारी तहसीलदार को निलंबित किया

प्रशासनिक शिथिलता एवं कर्तव्य के प्रति उदासीनता को लेकर की गई कार्रवाई



छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर। सरगुजा संभागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा ने एक आदेश जारी करके करमचंद जाटवर, नायब तहसीलदार एवं प्रभारी तहसीलदार बिहारपुर, जिला सूरजपुर की कार्यशैली एवं आचरण शासकीय सेवक के विपरीत होने पर निलंबित कर दिया है। प्रतिवेदन के अनुसार, 17 अक्टूबर 2026 को ग्राम कुबेरपुर में ट्रैक्टर दुर्घटना के बाद उत्पन्न कानून एवं शांति व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने में प्रशासनिक शिथिलता एवं सिविल सेवक के कर्तव्य के प्रति उदासीनता तथा लापरवाही बरती गई है। करमचंद जाटवर के इस कृत्य को शासकीय सेवा की गरिमा के सर्वथा विपरीत एवं गंभीर कदाचार की श्रेणी में और छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के सर्वथा विपरीत मानते हुए छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में जाटवार का मुख्यालय कार्यालय संभागीय पटवारी प्रशिक्षण शाला अंबिकापुर, जिला सरगुजा नियत किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

चक्काजाम की चेतावनी के बाद हरकत में आया लोक निर्माण विभाग

सलका-अधिना मार्ग पर कराया तारकोल का छिड़काव, अब सड़क निर्माण का इंतजार

छ.ग.फ्रंटलाइन भटगांव। भैयाथान विकासखंड के सलका-अधिना मुख्य मार्ग पर उड़ती धूल और ग्रामीणों की परेशानी को लेकर उठे विरोध के बाद आखिरकार पीडब्ल्यूडी विभाग हरकत में नजर आ गया है। जनपद सदस्यों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भैयाथान को लिखित आवेदन सौंपकर 7 दिनों के भीतर समस्या का समाधान करने की मांग और चक्का जाम की चेतावनी दिए जाने के बाद शाम को सड़क पर तारकोल का छिड़काव कराया गया।

गौरतलब है कि बरसात से पहले पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क पर डस्ट डालकर छोड़ दिया गया था। बारिश समाप्त होने के बाद वाहनों की आवाजाही से सड़क पर धूल का गुबार उड़ने लगा था। इससे राहगीरों, दुकानदारों और आसपास रहने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मामले को लेकर जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक-20 के पूर्व सभापति अभय प्रताप सिंह एवं सभापति दुलारी देवी ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर 7 दिनों के भीतर समस्या का निराकरण नहीं होने पर क्षेत्रवासियों के साथ चक्का जाम करने की चेतावनी दी थी। इसके बाद शाम को तारकोल का छिड़काव कराया जाना विभाग की सक्रियता के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इस छिड़काव से ग्रामीणों को स्थायी राहत मिल पाएगी या फिर सड़क निर्माण का काम दोबारा अधूरा रह जाएगा? ग्रामीणों को अस्थायी राहत नहीं, बल्कि धूल से स्थायी मुक्ति और गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण का इंतजार है।



शहर के प्रमुख मार्गों पर जाम से मुक्ति दिलाने नगर निगम ने अस्थायी पार्किंग स्थल निर्धारित किए

छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर। शहर के प्रमुख एवं व्यस्ततम मार्गों पर यातायात जाम की समस्या से आम नागरिकों और व्यवसायियों को राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम अंबिकापुर द्वारा अस्थायी पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की गई है।

नगर निगम क्षेत्रांतर्गत देवीगंज रोड, सदर रोड, स्कूल रोड एवं जयस्तम्भ चौक जैसे प्रमुख मार्गों पर अत्यधिक भीड़ के कारण अक्सर यातायात जाम की स्थिति निर्मित होती है। इससे आम नागरिकों के साथ-साथ व्यापारियों को भी आवागमन एवं व्यवसायिक गतिविधियों में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए नगर निगम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अस्थायी पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। इसके तहत देवीगंज मार्ग में निशांत मेडिकोज के बगल में स्थित भूमि, महामाया चौक के लिए नगर निगम स्कूल मैदान, स्कूल रोड एवं गुदरी चौक के लिए मल्टीपर्पज स्कूल मैदान, ब्रम्ह रोड एवं सदर रोड के लिए पुराना बस स्टैंड तथा राज्य परिवहन डिपो स्थित मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। नगर निगम आयुक्त ने आम नागरिकों एवं संबंधित मार्गों पर आने वाले आगंतुकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों को केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और जाम की समस्या से निजात मिल सके।

केन्द्रीय जेल में छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल का नवीन अध्ययन केन्द्र स्थापित

छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर। जिला शिक्षा अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर के परीक्षा वर्ष मार्च-अप्रैल 2027 से केन्द्रीय जेल अंबिकापुर नवीन अध्ययन केन्द्र क्रमांक 12-34 को नवीन अध्ययन केन्द्र बनाया गया है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दरीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर